आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 349-● जबलपुर ● मंगलवार, 25 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

## वर्धा में कार नदी में, 7 मेडिकल छात्रों की मौत

**वर्धा।** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में कार हादसे में सात डठठै छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मरने वालों में भाजपा विधायक का बेटा भी शामिल है। सभी डठठै छात्र परीक्षा खत्म होने के बाद कार से खाना खाने के लिए होटल में गए थे और वापसी में कार हादसे का शिकार हो गई और नदी में गिर गई।
सातों एमबीबीएस छात्रों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस बीच पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के सेलसुरा के पास दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50,000रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी है।





### भाजपा विधायक विजय रहांगदले के बेटे की मौत

महाराष्ट्र के वर्धा जिले में भीषण स ?क हादसा हुआ है। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें भाजपा विधायक विजय रहांगदले का बेटा आविष्कार रहांगदले भी शामिल था। यह हादसा सोमवार को रात 11रू30 बजे के करीब वर्धा के सेलसुरा में तेज रफ्तार कार पुल के नीचे जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार सभी 7 लोगों की मौत हो गई। जिल के पुलिस अधीक्षक प्रशांत होल्कर ने बताया कि ये सभी लोग छात्र थे और वर्धा जा रहे थे।।

### मरने वालों में बीजेपी विधायक का बेटा भी शामिल

## इंदौर में 21 मरीजों में बीए-2 वैरिएंट मिला

# 1 और 2 महीने के बच्चे भी, प्रदेश में 8 और मौतें



**भोपाल।** इंदौर में ओमिक्रॉन के सब वैरिएंट बीए-.2 की 21 मरीजों में पुष्टि हुई है। अरबिंदो मेडिकल कॉलेज की लैब ने ओमिक्रॉन के नए वैरिएंट की 21 मरीजों में पहचान की है। इनमें नए वैरिएंट वाला संक्रमण मिला है। लंग्स इनवॉल्मेंट 35 से 40: तक है। संक्रमित होने वाले 21 मरीजों में 1 माह, 2 माह, 7 साल, 10 साल और 17 साल के बच्चे भी शामिल हैं। सबसे अधिक उम्र वाले मरीज की उम्र 86 साल है। मध्यप्रदेश में संक्रमण से 1 दिन में 8 और मौतें रिपोर्ट हुई हैं। भोपाल में 2024 नए मामले सामने आए हैं। इंदौर में 1963 संक्रमित मिले हैं। 3 की मौत भी रिपोर्ट हुई। जबलपुर में 840 केस मिले। यहां भी 3 मौतें रिपोर्ट हुई हैं। 1-1 मौत ग्वालियर और सागर में भी रिपोर्ट हुई। ग्वालियर में 411 और होशंगाबाद में 247 पॉजिटिव केस मिले। सागर में एक 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला की कोरोना से मौत रिपोर्ट की गई है।

### ग्वालियर में 33 साल की महिला की मौत

कोरोना संक्रमण के चलते रविवार-सोमवार की रात परिवार सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम नम्रता जैन (33) निवासी रामबाग कॉलोनी बताया गया है। ग्वालियर में इस महीने कोरोना संक्रमण से यह 6वीं मौत है। मरने वालों में 5 ग्वालियर के और एक मुरैना का रहने वाला था।

### जबलपुर में भी हुई मौतें

जबलपुर में संक्रमण से 1 दिन में 3 जानें गईं। नेपियर टाउन में 85 वर्षीय बुजुर्ग हृदय रोग से पीा ?त थे। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराए गए। जांच में संक्रमित मिले थे। शीतला माई निवासी 49 वर्षीय पुरुष की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। दमोह की 77 साल की महिला ने भी दम तो ?ा। दोनों को भी दूसरी बीमारियां थी।

## किसी को असीमित समय तक जेल में नहीं रख सकते: कोर्ट

**नई दिल्ली।** 'जेल नहीं जमानत' के न्यायिक सिद्धांत पर जोर देते हुए भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे की आशंका के आधार पर किसी व्यक्ति को असमीमित समय तक जेल में नहीं रखा जा सकता.भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर जांच चल रही है तो सिर्फ इस अंदेशे पर किसी को असीमित समय तक जेल में बंद नहीं रखा जा सकता कि वह व्यक्ति किसी ऐसी गतिविधि में शामिल रहा होगा जिससे राष्ट्र की सुरक्षा को खतरा हो सकता है. जस्टिस डीवाई चंद्रचू ? और दिनेश माहेश्वरी की बेंच ने यह टिप्पणी सोमवार को मोहम्मद इनामुल हक के केस की सुनवाई के दौरान की. इनामुल हक को सीमा पार से जानवरों की तस्करी के आरोप में पक ?ा गया था. इसी मामले में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के एक कमांडेंट को भी गिरफ्तार



किया गया था. आरोप था कि आरोपी कमांडेंट सीमा पार से तस्करी में शामिल था और उससे होने वाली कमाई का हिस्सा राजनीतिक दलों को भी जा रहा था. 14 महीने से जेल में बंद कोर्ट ने इनामुल हक को जमानत दे दी. उनकी पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि सीबीआई ने 6 फरवरी 2021 को जानवरों की तस्करी के मामले में चार्जशीट दाखिल की थी और 21 फरवरी को अतिरिक्त आरोप जो ? गए थे

## भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन संभाग में ठंड ने पकड़ा जोर

भोपाल। मध्यप्रदेश में एक बार फिर ठंड ने जोर पक ? लिया है। दिन और रात का तापमान सामान्य से नीचे आ गया है। ग्वालियर, उज्जैन, भोपाल, इंदौर, जबलपुर और होशंगाबाद संभागों में क ?ाके की ठंड प ? रही है। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश के अनुसार 4 दिन तक इसी तरह ठंड रहेगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान नीचे जा सकता है। बुंदेलखंड, महाकोशल और बघेलखंड में तापमान 3 से 5 डिग्री और पश्चिमी इलाके जैसे- भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर चंबल में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।

### कांग्रेस को बहुत बड़ा झटका मिलने जा रहा है

## स्टार प्रचारक आरपीएन सिंह बदलेंगे पाला

**एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) कांग्रेस को बहुत ब ?ा झटका देने जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और राहुल गांधी की टीम में प्रमुख चेहरा रहे आरपीएन सिंह बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली में बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाएगी। दिलचस्प बात यह है कि एक दिन पहले ही कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की जो लिस्ट जारी की है उसमें आरपीएन सिंह का भी नाम है। पडरौना राजघराने से आने वाले आरपीएन के जरिए बीजेपी एक तीर से दो निशाना साधने जा रही है। बीजेपी उन्हें स्वामी प्रसाद मौर्या के खिलाफ पडरौना से उतार सकती है। हालांकि, स्वामी के टिकट की घोषणा अभी नहीं हुई है।






### शेयर बाजार में छठवें दिन भारी गिरावट

## सेंसेक्स 1000 पॉइंट टूटा, पहले ही मिनट में निवेशकों के 4.5 लाख करोड़ डूबे

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में आज लगातार छठें दिन गिरावट है। बाजार खुलते ही पहले मिनट में सेंसेक्स 1000 पॉइंट्स टूट गया है। यह 56,654 पर कारोबार कर रहा है। निवेशकों को 4.5 लाख करो ? रुपए का घाटा हुआ है। कल मार्केट कैप 260.44 लाख करोड़ रुपए था जो आज 255.5 लाख करोड रुपए हो गया है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स आज 333 पॉइंट्स गिर कर 57,158 पर खुला था। पहले घंटे में यही लेवल इसका ऊपरी स्तर था। बाद में इसने 56,409 का निचला स्तर बनाया। सेंसेक्स के 30 शेयर्स में से 6 शेयर्स ब ?त में और बाकी 24 गिरावट में हैं।
शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला मंगवार को भी जारी रहा। सेंसेक्स 1000 अंकों की गिरावट के साथ खुला और 57000 के स्तर से नीचे आ गया। वहीं निफ्टी भी 16850 पर आ गया। इससे पहले सोमवार को मार्केट बंद होते समय 1,546 अंक या 2.6 फीसदी की गिरावट के साथ 57,492 पर बंद हुआ था। वहीं 468 अंक या 2.7 फीसदी की गिरावट के साथ 17,149 पर था। सोमवार तक के आंक ?ों के मुताबिक, छह कारोबारी दिनों में बाजार 3817.4 अंक टूट चुका है और निवेशकों की संपत्ति 19 लाख करो ? घटी है। इससे पहले गत 20 दिसंबर को सोमवार के ही दिन 1189.73 अंक की गिरावट दर्ज की गई थी।





### पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर कोरोना संक्रमित

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राज्यसभा सांसद गौतम गंभीर कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। गंभीर कोरोना के हल्के लक्षण थे इसके बाद उन्होंने अपनी जांच कराई थी और उनकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। कोरोना संक्रमित होने के बाद गंभीर ने अपने ट्विटर हैंडल पर यह जानकारी दी है और उन सभी लोगों से कोरोना की जांच कराने को कहा है, जो पिछले कुछ दिनों में उनके संपर्क में आए थे। गौतम गंभीर ने अपने कोरोना संक्रमित होने की जानकारी देते हुए ट्वीट किया ष्कोरोना के हल्के लक्षण महसूस करने के बाद जांच में मेरी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की बदजुबानी महंगाई के सवाल पर भड़के बाइडेन

### पत्रकार को कहा- स्टूपिड सन ऑफ बिच

**एजेंसी।** अमेरिका में ब ?ती महंगाई के सवाल पर राष्ट्रपति जो बाइडेन इतने नाराज हो गए कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल पूछने वाले पत्रकार को गाली दे दी। बाइडेन का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ लोग यह सवाल भी पूछ रहे हैं कि क्या बाइडेन ने जब गाली दी तो उन्हें पता था कि उनका माइक चालू है। दरअसल फॉक्स न्यूज के रिपोर्टर पीटर डूसी ने बाइडेन से पूछा कि देश में लगातार ब ? रही महंगाई से मिड टर्म इलेक्शन में आपकी पार्टी का कितना नुकसान होगा। इस पर बाइडेन ने जवाब दिया कि इससे नुकसान नहीं फायदा होगा और इसके बाद पत्रकार को श्स्टूपिड सन ऑफ बिच कहा ।बाइडेन पहले भी कई बार पत्रकारों को फटकार लगा



चुके हैं। पिछले हफ्ते, फॉक्स न्यूज की एक महिला रिपोर्टर ने यूक्रेन मामले पर उनसे सवाल पूछा था कि आप रूस के राष्ट्रपति के पहले कदम उठाने का इंतजार क्यों कर रहे हैं? इस पर बाइडेन ने गुस्से में कहा कि क्या बेवकूफी भरा सवाल है।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को सत्ता में आए एक साल पूरा हो चुका है। उनके कई फैसलों पर सवालिया निशान लगते रहे हैं, लेकिन अफगानिस्तान से सैन्य वापसी पर उनसे अब भी सवाल पूछे जा रहे हैं।



## भारतीय रेलवे ने रद्द की 476 ट्रेनें, वजह स्पष्ट नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने आज 25 जनवरी को 476 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। रेलवे की ओर से जानकारी दी गई है कि जो ट्रेनें आज से चलने वाली थीं, उन्हें रद्द कर दिया गया है। हालांकि अभी तक भारतीय रेलवे ने ट्रेनों के रद्द होने की वजह स्पष्ट नहीं की है। 26 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द किया गया है। अगर आप जानना चाहते हैं कि आप जिस ट्रेन से यात्रा करने वाले थे वह ट्रेन कैंसिल तो नहीं हुई है तो इसकी जानकारी आप छ्र्ज्ञै की वेबसाइट से ले सकते हैं ।मंगलवार को जो ट्रेनें रद्द की गई, उनमें से ज्यादातर ट्रेनें उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब में चलने वाली ट्रेनें हैं। ऐसे में अगर आप आज ट्रेन से यात्रा करने जा रहे हैं तो घर से निकलने से पहले यह जरूर जान लें कि आपकी ट्रेन कैंसिल तो नहीं हुई है।



## छत्तीसगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़े यूपी-एमपी के तस्कर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नशे के कारोबारियों को पक ?ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रदेश के कवर्धा, गरियाबंद व जशपुर में पुलिस ने एक बार फिर बड़ी गांजे की खेप पकड़ी है। गांजा की खेप को दूसरे राज्यों तक पहुंचाने तस्कर छत्तीसगढ़ के रास्तों का उपयोग कर रहे हैं। पुलिस को चकमा देने तस्कर तरह-तरह के पैतरे भी अपना रहे हैं। गरियाबंद जिले में तस्करों ने बोलेरो गाड़ी में शादी का पर्चा लगा लिया था। पुलिस को शक न हो इसलिए तस्करों ने गाड़ी में 2 लड़कियों को भी बैठा रखा था। बावजूद तस्करों की यह चालाकी काम नहीं आई। पुलिस ने तीनों जगहों पर कार्रवाई करते हुए हुए लगभग 475 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी अनुमति 1 करो ? 70 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर सभी को जेल भेज दिया है।



## साउथ चाइना सी में लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ अमेरिकी वॉरप्लेन

**एजेंसी।** साउथ चाइना सी में अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस कार्ल विन्सन पर लैंडिंग के दौरान -35 प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके बाद पायलट ने खुद को प्लेन से इजेक्ट कर लिया। इस हादसे में 7 सैन्य जवान घायल हो गए। नेवी ने बयान जारी करके बताया कि हादसा साउथ चाइना सी में रुटीन फ्लाइट ऑपरेशन के दौरान हुआ। पायलट ने खुद को सुरक्षित तरीके से प्लेन से निकाला और उसे बाद में अमेरिकी सेना के हेलिकॉप्टर की मदद से रिकवर किया गया। पायलट की हालात स्थिर है।



## दिल्ली और यूपी समेत इन राज्यों में शीतलहर का सितम

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर, यूपी और हरियाणा समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बीते कई दिनों से जोरदार ठंड हो रही है। लेकिन अभी इससे निजात नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग का कहना है कि हा ? कंपाने वाली सर्दी अभी कुछ दिन और जारी रह सकती है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर की वादियों में एक तरफ जमकर बर्फबारी हो रही है तो वहीं मैदानी इलाकों में इसका असर शीतलहर के कहर के तौर पर देखा जा रहा है। मनाली, मसूरी और शिमला में तापमान में माइनस एक डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। इसके अलावा मैदानी इलाकों की बात करें तो दिल्ली में 6, जयपुर में 7 और भोपाल में तापमान 8 डिग्री सेल्सियस है।यही नहीं यूपी के लखनऊ, इलाहाबाद, झांसी और काशी समेत तमाम शहरों में सर्दी का कहर जारी है। इस बीच मौसम विभाग का कहना है कि अगले 2 से तीन दिन देश के उत्तर पश्चिमी राज्यों में शीत लहर चलेगी और ठंडे दिन रहेंगे। ठंडे दिन उन्हें कहा जाता है, जिनमें सीजन की सबसे ज्यादा सर्दी दर्ज की जाए। उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश और आसपास के इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिख रहा है। झारखंड, बिहार जैसे पूर्वी राज्यों में भी सर्दी काफी ज्यादा है। मौसम विभाग के मुताबिक मैदानी इलाकों की बात करें तो झारखंड से लेकर पंजाब तक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर दिख रहा है।



# गैरजिम्मेदारी बना रही लगातार आंकड़ों का रिकॉर्ड

**जबलपुर।** जिले में कोरोना का संक्रमण थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। हर दिन संक्रमितों का नया रिकार्ड बन रहा है। रविवार को 910 मिलने के बाद सोमवार को फिर 840 संक्रमित मिले। ये आंकड़े लगातार प्रशासनिक और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं के लिये चुनौती बन रहे है। प्रशासन ने कुल 50202 लोगों की कोरोना जांच की। इस दौरान 546 लोगों ने कोरोना को मात देकर अस्पताल से वापस घर लौटे। वर्तमान में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 5010 है। प्रशासन ने लोगों से मास्क लगाने और हरसंभव सावधानी बरतने की अपील की है।

लापरवाही बन सकती है परेशानी का कारण- शहर में कोरोना के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। रोजाना आने वाले मरीजों का आंकड़ा हजार के आस-पास पहुंच चुका है। लेकिन लोगों की स्थिति यह है कि वो सावधानी बरतने के लिए तैयार नहीं हैं। उनकी मनोदशा चोर-पुलिस के खेल जैसी हो गई है, कि तक कोई सख्ती के साथ नजर रखे तब तक तो ठीक है नहीं तो सब पुराने ढर्रे पर। ये बात अलग है कि इसका नुकसान उसको ही उठाना है। संक्रमण के इस दौर में रेल प्रशासन की ओर से भी तरह-तरह की पाबंदियां लगाई गई हैं। पाबंदियों का कितना असर है- संक्रमण के दौरान पाबंदियों का कितना असर है ये देखने यशभारत की टीम पहुंची ग्राउंड पर। पहुंची वह रेल-प्रशासन के प्रयासों को विफल करता दिखाई दिया रेल प्रशासन की ओर से रेल परिसर में बिना मास्क के पाये जाने पर अर्थदंड का प्रावधान रखा गया है। ट्रेनों में भी बिना मास्क यात्रा करने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके बाद भी पूरे स्टेशन परिसर में बड़ी संख्या में लोग बिना मास्क घूमते, बैठे या आपस में वार्तालाप करते दिखाई दिये। परस्पर सामाजिक दूरी को भी लोग धता बताने से नहीं चूक रहे।

### स्टेशन में ऑटो चालक भी कम नहीं

स्टेशन के प्रवेश द्वार पर ही बिना मास्क के आटोरिक्शा चालकों की भीड़ स्वागत करती दिखाई पड़ती है। अंदर प्रविष्ट होते ही रेल कर्मचारी भी बेपरवाह मिल जाते हैं। इसी तरह विभिन्न प्लेटफार्मों पर यात्री, यात्रियों के परिजन, वेंडर आदि बिना मास्क आसानी से देखे जा सकते हैं। इस अव्यवस्था या असावधानी के लिए केवल रेल-प्रशासन को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। लोगों में खुद लापरवाही का भाव अत्यधिक है जो उनको अपने साथ दूसरों की जान को भी खतरे में डालने के लिए दुष्प्रेरित कर रहा है।


## ओएफके में दहशत

# लापरवाही हुई तो किरकी फैक्ट्री जैसा हादसा कभी भी

## सुरक्षा विभाग पनीर खिचड़ी में उलझा धूम्रपान पर मेहरबानी

**जबलपुर यशभारत। कल सोमवार को पूणे के किरकी स्थित एम्युनिशन फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद पूरी बिल्डिंग ध्वस्त होने के साथ दो अधिकारियों के गंभीर रूप से जख्मी के बाद अस्पताल में भर्ती की खबर लगने के बाद से दहशत जदा हैं।**

इसको लेकर कर्मचारियों का कहना है कि किरकी मे हुई घटना का कारण जो भी रहा हो।लेकिन खमरिया मे भी सुरक्षा विभाग की लापरवाही से गंभीर हादसा कभी भी हो सकता है।इस संबंध में खमरिया लेबर यूनियन ने भी सुरक्षा विभाग की मनमर्जी की कार्यवाही पर




आपत्ति जताते हुए महाप्रबंधक को पत्र लिखा है।पत्र में कहा गया है कि विगत कुछ दिनों से सुरक्षा विभाग कभी भी किसी कर्मचारी पर कभी पनीर तो कभी खिच ?ी बनाने का आरोप लगा कर प्रता?त कर कार्यवाही कर रहा है।वहीं प्रतिबंधित क्षेत्र डी बी एरिया में जिस अनुभाग मे खतरनाक बारूद बनता है उसी बिल्डिंग के समीप तीन कर्मचारियों को रंगेहाथ धूम्रपान करते पक? जाने के बाद तथाकथित नेताओं के हस्तक्षेप से मामला रफा दफा कर दिया गया है।वर्तमान समय में जब कम समय है।उत्पादन तेज गति और सुचारु रूप से संचालितहो ताकि उत्पादन सत्र समाप्ति तक अधिकाधिक उत्पादन संभव हो सके।लेकिन सुरक्षा विभाग की गतिविधियों से उत्पादन में अवरोध के साथ गंभीर हादसों को न्यौता देना जैसा है। लेबर यूनियन ने महाप्रबंधक से तत्काल सुरक्षा विभाग की गैर वाजिब हरकतों पर लगाम लगाने के साथ प्रतिबंधित क्षेत्र में धूम्रपान करने वालों पर क?ी कार्यवाही की मांग की है।इस संबंध में निर्माणी के पी आर ओ से संपर्क करने की कोशिश की तो उनका मोबाइल बंद रहा।उनके कार्यालय में संपर्क करने पर पी ए का कहना था कि साहब मीटिंग में गये हैं।कब तक आयेंगे बता नहीं सकते।

# आरपीएफ व जीआरपी टीम द्वारा सघन चेकिंग

जबलपुर यश भारत। गणतंत्र दिवस को लेकर आरपीएफ और रेल पुलिस अलर्ट मोड में है। रेल लाइन, ट्रेन एवं यात्रियों की सुरक्षा पर पुलिस की विशेष नजर है। आरपीएफ व रेल पुलिस ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन में चलती ट्रेन में जांच अभियान चलाया। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक श्री मंसूरी ने बताया कि गणतंत्र दिवस को लेकर रेल



परिक्षेत्र एवं विभिन्न ट्रेन में चौकसी बढ़ा दी गई है। रेल ट्रैक, विभिन्न ट्रेन एवं यात्रियों की सुरक्षा पर पुलिस निगरानी रखी जा रही है। रेलवे लाइन स्थित विभिन्न स्टेशनों पर नियमित जांच की जा रही है। नशाखुरानी को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है। वही जीआरपी डीएसपी रविंद्र कुमार गौतम ने बताया कि विभिन्न चलती ट्रेन तथा यात्री शेड, प्लेटफॉर्म, टिकट घर परिसर समेत अन्य जगहों पर डॉग स्क्वाड के माध्यम से संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एवं जीआरपी डीएसपी ने बताया कि गणतंत्र दिवस को लेकर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है एवं स्टेशन पर हर आने जाने वाले व्यक्ति की चेकिंग की जा रही है। पुलिस पदाधिकारी व जवान की तैनाती की गई है।



# जब सड़क पर दिखी सच्ची देशभक्ति और जनसेवा

**ट्रैफिक कर्मी ने मुख्य मार्ग के गढ्डे को समतल करने उठाया, फावड़ा कर दिया सपाट**

जबलपुर । दीनदयाल चौराहे में आज उस समय वहा से गुजरने वाले राहगीर आश्चर्य में प? गए जब एक ट्रैफिक कर्मचारी फावड़ा उठा कर, नगर निगम द्वारा बीच चौराहे में एक गड्ढे को समतल करने लगा। दर दरअसल अपनी कार्यशैली अनुसार यहां मुख्य मार्ग पल नगर निगम ने यहां गड्ढा खोद दिया और उसे यू ही मिट्टी से पूर दिया। नगर निगम द्वारा पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे से वहाँ का ट्रैफिक अव्यवस्थित हो गया और दुर्घटना का अंदेशा बढ़ गया वहाँ से गुजरने वाले यात्रियों से भरी बसे पलटते पलटते बची, इतना ही नही अचानक गड्ढे को सामने देख कई कारे अनियंत्रित हो कर वह ठेला टपरे सब्जी की दुकान लगाने वालों के ऊपर चढ़ते चढ़ते बची, इन सब को देखते हुए यातायात थाने के ट्रैफिक कर्मी प्रदीप सिंह ठाकुर ने नगर निगम को सूचित किया। लेकिन निगम के कर्मचारियों की लापरवाही जगजाहिर हैं। नगर निगम द्वारा खोदे गए गड्ढे ओर से समतल न करने से बड़ी दुर्घटना होने की आशंका के चलते ट्रैफिक कर्मी प्रदीप सिंह ठाकुर ने खुद फावड़ा उठा कर उसे समतल करने जुट गया और घंटो उसे समतल करने में लगा रहा। हालांकि वर्दी में उसे काम करता देख कुछ लोगो ने नगर निगम की लचर व्यवस्था और लापरवाही को लेकर उन्हें कोसते हुए ट्रैफिक कर्मी की मद्दत भी करना चाही, लेकिन जब तक उसने अकेले ही बीच चौराहे में गड्ढे को समतल कर दिया था। जिसे देख केवल यही कहा जा सकता है कि, यही है सच्ची देशभक्ति ओर जनसेवा।

# एमपी स्टेट बार कौंसिल की सामान्य सभा में विवाद के आसार

**जबलपुर। प्रदेश के एक लाख से अधिक अधिवक्ताओं का पंजीयन करने वाली संस्था एमपी स्टेट बार कौंसिल की सामान्य सभा 30 जनवरी को होनी है। इससे पूर्व जो समीकरण बने हैं, उनके अनुसार विवाद के आसार बन गए हैं। दो अलग-अलग गुट टकराने की हालत में है। बावजूद इसके हाई कोर्ट इस मामले में हस्तक्षेप कर चुका है। भोपाल के डा.विजय चौधरी को चेयरमैन माना गया है।**

इसके बावजूद दूसरा गुट मौके की तलाश में है। संभवत- सामान्य सभा के दिन विवाद तूल पकड़ सकता है।

इसकी एक वजह कार्यकारिणी समिति के ऊपर स्क्रूटनी कमेटी का गठन बन सकता है। इसके अलावा कार्यकारी सचिव पद का विवाद भी सामने हैं पिछले दिनों एमपी स्टेट




बार कौंसिल कार्यकारी सचिव पद पर गीता शुक्ला की नियुक्ति पर मुहर लगा दी गई है। स्टेट बार उपाध्यक्ष व स्क्रूटनी समिति के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी व सह-अध्यक्ष, सदस्य स्क्रूटनी समिति मनीष तिवारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी समिति ने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर नव नियुक्त कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला का निलंबन आदेश जारी किया था, जिसे अनुचित पाते हुए निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में स्टेट बार चेयरमैन डा.विजय चौधरी, स्क्रूटनी समिति के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी, सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त व मनीष तिवारी ने तत्काल प्रभाव से निर्णय लिया है। नियमानुसार स्टेट बार सचिव या कार्यकारी सचिव के संबंध में किसी प्रकार का आदेश पारित करने का क्षेत्राधिकार सामान्य सभा के दायरे में आता है। स्टेट बार के नियम-109 के तहत चेयरमैन अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं। इसीलिए उन्होंने उच्च श्रेणी लिपिक मुईन खान की कार्यकारी सचिव पद पर की गई अवैधानिक नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। लिहाजा, खान अब अनुशासन विभाग में लिपिक के पद पर कार्यरत रहेंगे। कार्यकारी सचिव रहते हुए उनके माध्यम से जारी आदेशों को सामान्य सभा में संज्ञान में लेकर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं कार्यकारिणी समिति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का प्रस्ताव भी सामान्य सभा में रखा जाएगा।

# स्टेशन पर निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का निरीक्षण



जबलपुर यश भारत। जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर नव निर्मित निजी यात्री प्रतीक्षालय का निरीक्षण डी.आर.एम. संजय विश्वास, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता श्री संजय मनेरिया ने किया. इस अवसर पर प्लेटफार्म पर निर्मित यह यात्री प्रतीक्षालय में रेल यत्रियो को मिलने वाली अत्याधुनिक सुविधाये एवं न्यूनतम दर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री का भी अधिकारियो ने निरिक्षण किया। उल्लेखनीय है कि जबलपुर स्टेशन के माडीफिकेशन के बाद हाल ही में प्लेटफार्म न 06 पर भी इसी तरह का आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय खोला गया है जिसका यात्रियों द्वारा उपयोग किया जा रहा है. अब प्लेटफार्म न 01 पर भी इसके शुरू हो जाने से दोनों प्लेटफार्मो का लुक शानदार हो रहा है साथ ही यात्रियों को भी अनेक सुविधाए न्यूनतम दर पर मिल रही है. इन अभिनव कार्यो से रेलवे को भी लायसेंस फीस के रूप में रेल राजस्व की प्राप्ति हो रही है



## 125 स्थानों पर कराया गया सूर्य नमस्कार

# नेताजी की125 जयंती पर विहिप का आयोजन

जबलपुर यशभारत। विश्व हिंदू परिषद रानी दुर्गावती जिला मे आजाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। सूर्य नमस्कार आयोजन जय प्रकाश प्रखंड हनुमान प्रखंड बिरसा मुंडा प्रखंड हरिहर प्रखंड दीनदयाल प्रखंड एवं माधव प्रखंड में आयोजित किया गया। इसके साथ वरिष्ठ पदाधिकारियों उपाध्यक्ष संजय गुप्ता उमेश शुक्ला दिलीप बर्मन राजेश रैकवार उमेश राठौर शैलेंद्र बिसेन आदि पदाधिकारियों व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने निवास स्थानों पर संकल्प के तहत125सूर्य नमस्कार कार्यक्रम कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का संकल्प लिया।

स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडॉंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहाँ दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज (रूट कैनाल ट्रीटमेंट), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार (डेंटल ब्लीचिंग)।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई (स्केलिंग) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉत लगवाना (सिरामिक एवं मेटल)।, टेढ़े दांतों का इलाज (आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली (डेन्चर)।, बच्चों के दांतों का इलाज (पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, डेंटल इम्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दांतों को निकालना (डेंटल एक्सट्रैक्शन)।

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. काडियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग-पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
डीसेन्ट फुटवेयर
मैरिज स्पेशल शूज
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेबड़ी गजक ड्रायफ्रूट
नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

12 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह मानस भवन में गरिमामय माहौल में आयोजित

# युवा करेगें लोकतंत्र की जिम्मेवारियों का निर्वहन: कर्मवीर





**जबलपुर,यशभारत।** मानस भवन प्रेक्षागृह में आज 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन बड़े गरिमामय माहौल में किया गया। इस मौके पर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा और पुलिस कप्तान सिद्वार्थ बहुगुणा ने कार्यक्रम में शिरकत की। समारोह का शुभारंभ देशभक्ति गीतों के साथ ही मां सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर नये जुड़े मतदाताओं को संबोधित करते हुए कलेक्टर कर्मवीर शर्मा का कहना था कि, मतदाता दिवस यानी उन तमाम लोगों का दिवस जो अपने लोकतंत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मतदान में अपनी सहभागिता निरंतर बनाए रखे हैं। मतदान करना सिर्फ हमारा अधिकार और कर्तव्य ही नहीं है बल्कि यह हमारा विश्वास है उस प्रतिनिधि के प्रति जिसे हमने अपना मत दिया है। हर एक मत कीमती होता है, जिससे हमारा लोकतंत्र बनता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस बेहद ही खास है। क्योंकि हमारे देश में सबसे ज्यादा मतदाता युवा हैं।
कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसडीएम, तहसीलदारों के साथ ही 21 कॉलेजों के प्राचायी कॉलेजों के प्राचार्यो को सम्मानित भी सम्मानित किया गया। वही विगत दिनों महाविदयालय के बच्चों को लेकर आयोजित की गई निर्वाचन विषय पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वतीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने पुरूस्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान सभी विभाग के आला अधिकारी सहित शहर के गणमान्यजन मौजूद रहे।



# डीआरएम कार्यालय मे बालिका संरक्षण को लेकर नाटक का मंचन

**जबलपुर यश भारत।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर डी.आर.एम. संजय विश्वास के मुख्य अतिथि में एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल श्रीवास्तव, मंडल कार्मिक अधिकारी धर्मेंद्र बीके एवं सहायक कार्मिक अधिकारी रोहित नेमा, अरविंद पांडे, के.के. पटेल की उपस्थिति में बालिकाओ के संरक्षण पर केन्द्रित नुक्क ? नाटक का मंचन एवं प्रतिभाशाली बालिकाओ का सम्मान किया गया. इस अवसर पर रेलवे के स्काउट एवं गाइड तथा सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शानदार नुक्क ? नाटक प्रस्तुत किया गया। दोनों संस्थाओ की शानदार नाटक की प्रस्तुति पर श्री विश्वास ने उन्हें पांच क्कपांच हजार रूपये की राशि से पुरस्कृत किया गया ! इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के दो कर्मचारियों श्रीमती हरलीन कौर की पुत्री कु. रावलीन कौर एवं श्रीमती भारती यादव की पुत्री कु. भूमिका यादव को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. नाटक के अंत में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल श्रीवास्तव ने श्री विश्वास सहित सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन मुख्य कर्मिक्ल निरीक्षक रविन्द्र त्रिपाठी ने किया.

# औद्योगिक क्षेत्र को मिले बजट, ताकि फले फूले उद्योग जगत

**जबलपुर,** जबलपुर सहित मध्यप्रदेश का औद्योगिक क्षेत्र बजट के अभाव में प्रगति नहीं कर पा रहे है। यदि औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत अधोसंरचना के लिए बजट बढ़ाया जाए तो औद्योगिक क्षेत्र में अपेक्षाकृत सुधार तो होगा है उद्योग जगत भी फलने-फूलने लगेगा। ये मांग प्रदेष की शीर्ष औद्योगिक एवं व्यापारिक संस्था फेडरेशन आफ मध्यप्रदेश चेंबर्स आफ एंड इंडस्ट्री मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डा. राधाशरण गोस्वामी के नेतृत्व में फेडरेशन पदाधिकारियों ने मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष सचिन चतुर्वेदी से मुलाकात कर की है। इस संबंध में समग्र औद्योगिक एवं आर्थिक विकास हेतु मांग पत्र भी सौंपा गया। फेडरेशन के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे ने बताया कि राज्य नीति एवं योजना आयोग का कार्य विभिन्न जन हितेषी योजनाओं को बनाना एवं नीति निर्धारण तय करना है। फेडरेशन ने प्रदेश के उद्योगपतियों की मांग पर आयोग को विभिन्न मांगें सौंपी है। जिससे प्रदेश का समग्र औद्योगिक एवं आर्थिक विकास हो सके। ये उम्मीद जताई जा रही है कि आयोग के उपाध्यक्ष से हुई सार्थक चर्चा से आशानुरूप परिणाम आएंगे। मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष से मुलाकात कर फेडरेशन के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य शासन का ध्यान नए निवेश के साथ-साथ वर्तमान में संचालित उद्योगों पर होना चाहिए। वर्तमान में मध्यप्रदेश में लगभग 10 प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है। उनमें लगभग नौ हजार 300 उद्योग उत्पादन कार्य कर रहें हैं। इन क्षेत्रों पर शासन द्वारा कम से कम सौ-सौ करो? रुपये प्रति क्षेत्र के हिसाब से खर्च कर विकसित किया जाना आवश्यक है। तभी उत्पादक उन इकाइयों को सुचारु रूप से संचालित करके अपने उत्पादन में वृद्धि कर सकेंगे।

# कलेक्टर की सख्ती से, रेत सिंधीकेट की टूटी कमर

**25 हाइवा रेत का मिला स्टाक,कर्मवीर शर्मा की फटकार के बाद एक्शन मोड़ पर आए खनिज विभाग के अधिकारी**



**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर जिले में अवैध रेत खनन की लगातार आ रही खबरों के बाद अब कार्रवाईयों की खबर आनी शुरू हो गयी है जिसके पीछे कारण कलेक्टर कर्मवीर शर्मा का सख्ती बरतना जिसके चलते अब अधिकारियों को अवैध उत्खनन दिखाई देने लगा है। जबलपुर की सीमा से लगे क्षेत्रों में अवैध रेत का उत्खनन करने का काम लंबे समय से चल रहा था, लेकिन इन दिनों यह काम करने वालें में हड़कंच मचा हुआ है। खनिज विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के बाद अवैध खनन करने वालों के बीच चल सिंधीकेट टूट गया है। अवैध खनन करने वाले ही इन दिनों विभाग को एक-दूसरे की जानकारी दे रहे हैं। इधर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की फटकार के बाद एक्शन मोड़ पर आए खनिज विभाग के अधिकारी भी हर दिन औचक निरीक्षण कर रेत और गिट्टी का अवैध खनन करने और अवैध संग्रहण करने वालों पर कार्रवाई कर रहे हैं। हालांकि इस कार्रवाई में अभी तक नदी से रेत का उत्खनन करने वाले अभी तक नहीं पकड़े गए हैं।

### 25 हाइवा रेत का मिला स्टाक

तहसील पाटन क्षेत्र से मिली रेत खनन की शिकायत के बाद यहां के ग्राम कांटी में विभाग के इंस्पेक्टर ने जांच की। इस दौरान शासकीय तालाब के किनारे खसरा क्र. 81/1 के पास खनिज विभाग के जांच अधिकारियों को 280 घन मी. रेत खनिज का भंडारण मिला। विभाग ने कार्रवाई कर रेत जब्त की। रेत का भंडारण पाटन निवासी जीतेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा किया जा रहा था। वहीं जांच दल द्वारा ग्राम उड़ना से कांटी के बीच रोड किनारे लगभग 25 हाइवा रेत का स्टॉक पाया गया है। इसे भी जब्त किया गया। हालांकि इसका भंडारण करने वाले का विभाग को अभी तक पता नहीं चला है।

# कौशल विकास संचालनालय में हुई नियुक्तियां

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि कौशल विकास संचालनालय मध्य प्रदेश कर्मचारी संघ जबलपुर तथा समस्त आईटीआई/समस्त संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय की ज्वलंत समस्याओं के निदान हेतु अपनी आवाज शासन/प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए संभागीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार सेन, संरक्षक उमाशंकर तिवारी तथा सलाहकार रॉबर्ट मार्टिन की अनुशंसा पर प्रांताध्यक्ष श्री राम प्रसाद खनाल कौषल विकास संचालनालय जबलपुर द्वारा भोपाल संभाग के जिलाध्यक्षों की नियुक्तियां की गई। संघ ने बताया कि सर्वप्रथम अषोक कुमार सेवक, शासकीय आईटीआई होसंगाबाद तथा हरदा, राजकुमार जैन, डॉ अम्बेडकर शासकीय महिला आईटीआई जिला सिहोर तथा विदिषा श्रीमती नीता हल्दी शासकीय आईटीआई मंडीदीप जिला रायसेन को मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की जाने पर संघ के पदाधिकारियों द्वारा बधाईयां दी गई।



पमरे पर अब तक कुल 509 थिक वेब स्वीच लगाए गए

# रेलवे ट्रैक पर थिक वेब स्विच लगाकर संरक्षा और गति में कर रहा वृद्धि

**जबलपुर यश भारत। भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधाओं में लगातार विस्तार करने का प्रयास करता रहता है। इसी कदम में पश्चिम मध्य रेल संरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से रेलवे ट्रैक को मजबूती प्रदान करने और ट्रैक की स्पीड बढाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। अब रेलवे ट्रैक की स्थिरता के लिए कंक्रीट स्लीपर को पटरी के साथ मजबूती प्रदान करने के लिए सामान्य प्वाईन्ट के स्थान पर थिक वेब स्वीच का उपयोग किया जा रहा है।**

पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मण्डल पर 268 थिक वेब स्विच एवं कोटा मण्डल पर 241 थिक वेब स्विच मुख्य रूटों में तीव्र गति से कार्य करते हुए अभी तक कुल 509 थिक वेब स्वीच स्थापित किया गए। जिसमें पश्चिम मध्य रेल ने तीव्र गति से कार्य करते हुए वर्ष 2021-22 में अभी तक भोपाल मण्डल पर 37 थिक वेब स्विच और कोटा मण्डल पर 124 थिक वेब स्विच के साथ कुल 161 थिक वेब स्वीच रेल लाईनों में स्थापित किये। यह कार्य अधिकतर मुख्य रेल लाईनों पर किया गया। तीनों मंडलों में यह कार्य स्वीकृत है एवं मुख्य ग्रुप ए मार्गों और व्यस्त मार्गो पर प्राथमिकता देते हुए इस कार्य को किया जा रहा है। इसका इस्तेमाल बढने से ट्रैक पर ज्यादा स्पीड के साथ ट्रेनों का संचालन किया जा सकता है। गति एवं संरक्षा की द्रष्टि से महत्वपूर्ण सिद्व होगा। पमरे द्वारा इस कार्य को तीव्र गति से किया जा रहा है जिससे गाडियों की गति को अधिक बढाया जा सके। पश्चिम मध्य रेल में अभी तक मेल/एक्सप्रेस गाडियों की अधिकतम गति 130/110 कि.मी. प्रति घंटा है। जिसे अब बढाकर 160 कि.मी. प्रति घंटे की गति को हासिल करने पर विचार एंव कार्य किया जा रहा है। प्रथम चरण में कोटा मण्डल के मथुरा-नागदा रूट पर अधिकतम गति बढाने का कार्य प्रगति पर जिसको वर्ष 2024 तक पुर्ण करने का लक्ष्य है। इस टिडब्लुएस को लगाने में लगभग ढाई से तीन घंटे का ब्लॉक की आवश्यकता के साथ 30 से 40 कर्मचारियों की आवश्यकता पडती है। इसी के साथ-साथ इसमें इस्तेमाल होने वाली प्वाईन्ट मशीन भी काफी सृदृढ है। यह कार्य रेलव के इंजीनियरिंग, दूरसंचार एवं संकेत, परिचालन और विद्युत विभाग के सामूहिक प्रयासों से किया जा रहा है।

### यह है थिक वेब स्वीच की प्रमुख विशेषताएं

* ट्रेनों की गति 130 कि.मी. प्रति घंटे से बढाकर 160 कि.मी. प्रति घंटे की जा सकती है।* लॉन्ग हॉल मालगाडी जैसी भारी गाडियों के भार को सहने की अदभुत क्षमता।
* सामान्य प्वाईन्ट की तुलना में थिकवेब स्वीच की विश्वसनीयता बहुत अधिक है।
* संरक्षा की द्रष्टि से सामान्य स्विच की तुलना में अधिक सुरक्षित है।
* इसे नई रेल लाइन की कांक्रीट स्लीपरों पर आसानी से लगाया जा सकता है, जो सुरक्षा की द्रष्टि से महत्वपूर्ण है। सामान्य स्विच की तुलना में थिक वेब स्वीच की लाइफ 3 गुना अधिक होती है, साथ ही साथ इसका रखरखाव बहुत ही कम करना पडता है।
* यात्रियों को आरामदायक यात्रा में और होगी बढोत्तरी क्योंकि ट्रेनों के प्वाईन्ट बदलने के समय नहीं लगेगा झटका जिससे साथ ही रेल यात्रा का सुखद अनुभव प्रदान करेगा।

# ढाई लाख का कर्ज 5 साल से उतार रहे



### पासबुक एटीएम से सूदखोर निकाल लेता है पैसा

**जबलपुर यश भारत।** बेलबाग थाना अंतर्गत फूटा ताल निवासी एक अधेड़ महिला ने 5 साल पहले क्षेत्र के सूदखोर से ढाई लाख कर्ज लिया था। कर्जा उतारने सूदखोर ने बैंक पासबुक और एटीएम भी जाप्त कर लिए लेकिन अचरज की बात है की अभी तक पैसे देने के बाद भी मूलधन नहीं उतरा। जिसके बाद पीड़ति आज मंगलवार को एसपी ऑफिस पहुंचे। पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया ह। जानकारी अनुसार शशि बेन निवासी फूटा ताल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 5 साल पहले घर में पैसों की जरूरत पढ़ने पर उसने सूदखोर से 2 लाख 50 हजार का कर्ज लिया था कर्ज चुकाने के लिए पासबुक और एटीएम सूदखोर ने जप्त कर लिए और मूलधन चुकने के बाद भी सूदखोर हर महीने उनकी पासबुक और एटीएम से पैसे निकाल लेता है जिसके चलते स्थिति यह है कि वह अब रोड में आ चुके हैं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया है।।

# वर्षगांठ पर गायत्री शक्तिपीठ में अखंड जप

**जबलपुर,** । गायत्री शक्तिपीठ मनमोहन नगर में मां गायत्री, मां दुर्गा, एवं मां सरस्वती की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ भक्तों ने अखंड जप के साथ मनाई। रविवार को यहां सुबह 6 से शाम 6 बजे तक भक्तों ने मां गायत्री की साधना कर अखंड जप किया। परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने 40 वर्ष पूर्व इसे गायत्री शक्तिपीठ एवं जन जागृति के केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त प्रदान की थी। तभी से यह शक्तिपीठ जन जागृति के अनेक कार्य महाकोशल क्षेत्र में करते हुए पूरे विश्व की आदर्श शक्तिपीठों के लिए चुनी गई।उपजोन समन्वयक नरेश तिवारी ने बताया कि जिस प्रकार हरि अनंत हरि कथा अनंता है, उसी प्रकार पंडित श्रीराम शर्मा के कार्य अनंत थे। उन्होंने एक साथ अनेक कार्य करके 80 वर्ष में ही 800 वर्ष का कार्य करके युग निर्माण योजना का पूरा ढांचा तैयार कर गए। सीताराम त्रिपाठी ने गायत्री महामंत्र की महिमा बताई। सतीश वर्मा ने गायत्री शक्तिपीठ के विस्तार एवं भावी योजनाओं के बारे में अपने विचार रखे।

# कर्मचारी ने ही चुराई थी अधिवक्ता की स्कॉर्पियो



**पुलिस ने दबोचा तो कहने लगा कार है शानदार**

**जबलपुर यश भारत।** सिहोरा थाना अंतर्गत पैलेस में खड़ी हुई एक अधिवक्ता की पांच लाख कीमती स्कॉर्पियो चुराने वाला पैलेस का कर्मचारी ही निकला जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने स्कॉर्पियो जप्त कर पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने में जुटी ह। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी सिहोरा गिरीश धुर्वे ने बताया कि रात लगभग 2-45 बजे नीरज शुक्ला उम्र 41 वर्ष निवासी ब्राम्हणपुरा सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सिविल कोर्ट सिहोरा कोर्ट में अधिवक्ता है उसकी स्कार्पियो क्रमांक एमपी 19 सी.बी. 7406 कीमती लगभग 5 लाख रूपये की उसके दोस्त अजय सिंह ठाकुर के आशीर्वाद पैलेस में खड़ी रहती है रात लगभग 11-30 बजे वह अपने घर पर था तभी उसके दोस्त अजय सिंह ठाकुर ने मोबाइल पर कॉल करके बताया कि स्कॉर्पियो पैलेस में नहीं है तो वह अजय सिंह के पैलेस जाकर देखा उसकी स्कार्पियो वहां नहीं थी उसे शक हे कि पैलेस का कर्मचारी गनेश उर्फ गन्ने कोल स्कार्पियो कार चोरी करके ले गया है। उसने अपने दोस्त के साथ स्कार्पियो की तलाश आसपास सिहोरा, खितौला में की पता नहीं चल रहा है है। रिपोर्ट पर मामला कायम कर विवेचना में लिया गया।

### छुपा कर रखा था स्कॉर्पियो

पुलिस ने मामले की जांच करते हुए संदेही गणेश उर्फ गन्ने कोल की सरगर्मी से तलाश हेतु एक टीम लगाई गई, टीम के द्वारा पतासाजी करते हुए संदेही गणेश कोल को नए बस स्टैंड सिहोरा में पकड़ा गया, पूछताछ की गई तो गणेश कोल ने स्कॉर्पियो चोरी करना स्वीकार करते हुए चुराई हुई स्कॉर्पियो गंजताल रोड पर कर्बला नहर के पास छुपाकर खड़ी करना स्वीकार किया। गणेश की निशानदेही पर चुराई हुई स्कॉर्पियो जप्त करते हुए गणेश कोल पिता नोखेलाल कोल उम्र 20 वर्ष निवासी गढ़िया मोहल्ला को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# गुरु भक्तों ने मनाया समर्थ अवतरण दिवस

**जबलपुर।** माँ नर्मदा व गौमाता के संरक्षण के लिये 463 दिनों से अन्न आहार परित्याग कर सत्याग्रह कर रहे समर्थ सद्गुरु भैया जी सरकार के प्रगटोत्सव पर रेवांचल के साथ ही विभिन्न ग्राम,नगर,प्रान्त के अनेक स्थलों पर बड़ी संख्या में जन मानस सत्याग्रह संदेश देकर समर्थ सद्गुरु के प्रति अपनी आस्था को प्रकट किया। जबलपुर में सिध्दघाट ग्वारीघाट तीर्थ क्षेत्र में प्रातः काल माँ नर्मदा तट पर कासेवकों ने कारसेवा , देव वृक्ष स्थापना ,पूजन , भजन, संकीर्तन ,रामधुन जाप, माँ नर्मदा महाआरती व महाप्रसादी का आयोजन किया गया इसके साथ ही रक्त दान शिविर में स्वयं समर्थ सद्गुरु ने स्वयं रक्तदान किया। ,समर्थ श्री हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर , समर्थ गौ चिकित्सा सेवा द्वारा निशुल्क साप्ताहिक रेबीज शिविर का आयोजन किया ।समर्थ सद्गुरु भैयाजी सरकार अन्न आहार त्याग कर 17 अक्टूबर 2020 नवरात्रि के प्रथम दिवस से सत्याग्रह कर दिन रात जन जागरण सम्पूर्ण नर्मदा पथ पर कर रहे। समर्थ सद्गुरु सम्पूर्ण नर्मदा पथ पर अखंड सत्य का आग्रह कर रहे हैं माँ नर्मदा पथ पर जन जागरण के लिए अखंड माँ नर्मदा सेवा यात्रा प्रारम्भ की जिसका तृतीय चरण 6 जनवरी को सिद्धघाट ग्वारीघाट से यात्रा प्रारंभ बरेला , मण्डला , अमरकंटक , डिंडोरी , लखनादौन , बरमान , होशंगाबाद ,खंडवा , ओम्कारेश्वर, खरगोन ,ब?वानी ,पानसेमल ,अंकलेश्वर ,विमलेश्वर , भरूच,च?द ,अलीलाजपुर ,महेश्वर, निमावर ,सलकनपुर , बरेली ,बरमान ,भेड़ाघाट होते हुए 23 जनवरी समर्थ अवतरण दिवस पर सिद्धघाट ग्वारीघाट पहुँचीं।

# एसबीआई में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

**जबलपुर।** भारतीय स्टेट बैंक आंचलिक कार्यालय जबलपुर में 17 से 21 जनवरी तक सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह की शुरूआत सुरक्षा कर्मियों ने सुरक्षा प्रतिज्ञा लेकर हुई। इस दौरान स्टेट बैंक के कर्मियों के लिए एसबीआई टाइम्स पर ऑनलाइन सुरक्षा जागरूकता प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। इस सुरक्षा सप्ताह के आयोजन का उद्देश्य बैंक की सुरक्षा के प्रति जागरूकता का भाव कर्मियों में पैदा करना था। सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर बैंक कर्मियों के लिए बैंक में स्थापित विभिन्न सुरक्षा उपकरण जैसे- सीसीटीवी, फायर अलार्म सिस्टम, ऑटो डायलर की प्रदर्शनी रखी गई।इसके माध्यम से कर्मियों को इन उपकरणों की जानकारी दी जा रही है। जिससे वे जरूरत पड़ने पर इन उपकरणों का इस्तेमाल कर सके। सभी कर्मी उत्साह दिखाते हुए इसमें शामिल हुए। सुरक्षा सप्ताह के समापन पर डीजीएम विमल किशोर ने इस प्रदर्शनी की प्रशंसा की।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील आधारताल, जबलपुर**
**राप्रक्र/2193/अ-6/2021-2022**
**जबलपुर दिनांक 24/01/2022**

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मीना सिंह पति श्री सुरेन्द्र सिंह निवासी 682 गढ़ा गौतमगंज इंदिरा गांधी वार्ड धना जबलपुर कछपुरा स्थित भूमि खसरा नंबर 808/6 में स रकवा 375 वर्गफुट भूमि पर शिव कुमारी सिंह की मृत्यु दिनांक 3/11/2018 को हो जाने के कारण वारसान हक में वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 07/2/22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 24/01/2022**
**पेशी दिनांक 7/2/2022**

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

# ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को राहत का इंतजार

## 15 दिन बाद भी ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को नहीं मिली राहत

## प्रारंभिक आकलन के अनुसार 500 करोड़ रुपये देनी होगी आर्थिक सहायता

**भोपाल।** प्रदेश के कई जिलों में हुई ओलावृष्टि के 15 दिन बाद भी किसानों को राहत राशि बांटने का काम शुरू नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर नौ जनवरी को सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए थे कि किसानों की फसल का जो नुकसान हुआ है, उसका तत्काल सर्वे कर राहत राशि दी जाए। इसके लिए एक सप्ताह का समय तय किया गया था। इसके बावजूद 15 दिन बीतने के बाद भी किसानों को न तो राहत मिली है और न ही सर्वे का कार्य पूरा किया गया है। अब तक 25 जिलों में डेढ़ लाख हेक्टेयर भूमि पर फसल के नुकसान का आकलन किया गया है। मध्य प्रदेश में ओलावृष्टि से रबी फसलों को पहुंचे नुकसान के आकलन का सर्वे नौ जनवरी से कराया जा रहा है। अभी 25 जिलों से प्रारंभिक रिपोर्ट आई है। इसमें फसल नुकसान का क्षेत्र (रकबा) डेढ़ लाख हेक्टेयर को पार कर गया है। 70 तहसीलों के एक हजार 157 गांवों के एक लाख 67 हजार 201 किसानों की फसल को क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने साफ निर्देश दिए थे कि सात दिन में सर्वे का काम पूरा कर तीन दिन बाद से किसानों को राहत बांटी जाए। लेकिन अब तक सर्वे ही पूरा नहीं हो पाया है। किसानों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रविधान अनुसार आर्थिक सहायता देने के लिए लगभग 500 करोड़ रुपये से अधिक की जरूरत पड़ेगी। यह राशि सभी जिलों को आपदा राहत फंड से ग्लोबल हेड में उपलब्ध कराई जाएगी। छह से 10 जनवरी के बीच प्रदेश में ओलावृष्टि से रबी फसलें प्रभावित हुई हैं। फसल क्षति का आकलन करने के लिए सभी जिलों में सर्वे कराया जा रहा है। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट के बाद दावे-आपत्तियों का निराकरण करके किसानों को सहायता देने के लिए अंतिम आदेश जारी किए जाएंगे।

### ओलावृष्टि की 25 जिलों से आई रिपोर्ट। फसल नुकसान का रकबा डेढ़ लाख हेक्टेयर के पार



**सर्वे का काम अभी चल रहा है, जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोरोना के कारण सर्वे में कुछ विलंब हुआ है। फिर भी हमारी कोशिश है कि राहत बांटने का काम जल्द प्रारंभ कर दें।**
**मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव राजस्व विभाग।**




# मार्च में पूरा हो जाएगा हबीबगंज अंडरब्रिज का काम

## स्टेशन पर अगले महीने से शुरू होगा रेल कोच रेस्टोरेंट

**भोपाल ।** होशंगाबाद रोड में गणेश मंदिर के पास से डीआरएम आफिस की तरफ जाने के लिए बनाए जा रहे रेल अंडर ब्रिज का काम मार्च तक पूरा हो जाएगा। दोनों तरफ पहुंच मार्ग बनाने का काम जिला प्रशासन को करना है। यह काम पूरा होने पर अप्रैल में हबीबगंज अंडर ब्रिज शुरू हो सकता है। यह बात मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सौरभ बंदोपाध्याय ने पत्रकारों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में कही। वह पिछले एक महीने में भोपाल मंडल की उपलब्धियों के बारे में बता रहे थे। उन्होंने बताया कि भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह की ओर रेल कोच रेस्टोरेंट अगले महीने से शुरू कर दिया जाएगा। जनवरी में इसे शुरू करने का लक्ष्य था, लेकिन कोरोना की वजह से काम में देरी हुई है। उन्होंने बताया कि भेपाल, होशंगाबाद और विदिशा स्टेशन पर आनलाइन शिक्षा देने वाली निजी कंपनी के सहयोग से आनलाइन एजुकेशन प्लेटफार्म इसी महीने से उपलब्ध कराया जाएगा। यह कियोस्क होगा जहां विद्यार्थियों को मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कोरोना का संक्रमण रोकने के लिए रेलवे की तरफ से कई प्रयास किए जा रहे हैं। नियमित सफाई और सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। अनाधिकृत लोगों का प्रवेश सख्ती से रोका गया है। डीआरएम ने कहा कि भोपाल स्टेशन में छह नंबर प्लेटफार्म की तरफ जिला प्रशासन की तरफ से रैन बसेरा बनाया गया है। इसका फायदा यह होगा ऐसे लोग जो ठंड में कहीं ठिकाना नहीं मिलने पर स्टेशन में आ जाते थे वह रैन बसेरा में रहेंगे, जिससे प्लेटफार्म पर गंदगी भी कम होगी।

# मैनिट ने बनाया आप्टिकल सेंसर



## आठ सेकंड में पता चल जाएगा गैस का रिसाव

**भोपाल।** कारखानों में गैस रिसाव की जानकारी अब अधिकतम आठ सेकंड में मिल जाएगी। भोपाल के मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) ने नई तकनीक तैयार की है। जो फोटोन न्यूमिनेशन पर आधारित है। मैनिट के भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. फौजिया खान के मुताबिक नई तकनीक में गैस के इलेक्ट्रान प्रकाश कणों के साथ क्रिया करते हैं। इससे किसी भी गैस का रिसाव होने पर तत्काल पता चल सकेगा। जिससे खासकर गैस संस्थानों में सुरक्षा तंत्र और मजबूत किया जा सकेगा।

### प्रकाश कणों पर आधारित है नई तकनीक

पुरानी तकनीक केमो रेजिस्टेंस है जो कि कंडक्टिविटी और रेजिस्टेंस पर काम करती है। इसमें जब भी कोई गैस किसी सेंसिंग पदार्थ के संपर्क में आती है तो इलेक्ट्रान का लेन-देन होता है। गैस के इलेक्ट्रान देने पर सेंसिंग पदार्थ का रेजिस्टेंस घट जाता है और लेने पर बढ़ जाता है। सेंसर इसी रेजिस्टेंस को माप कर रिजल्ट देता है। यह तकनीक गैसों के समूह में अलग-अलग गैस की उपस्थिति स्पष्ट नहीं करती है, सिर्फ यह बताती है कि क्षेत्र में हानिकारक गैस है। जबकि नई तकनीक में भी इलेक्ट्रान का लेन-देन तो होता है लेकिन ये इलेक्ट्रान पदार्थ में से फोटोन (प्रकाश के कण) निकालते हैं। इलेक्ट्रान के कम या ज्यादा होने पर निकलने वाले फोटोन की तीव्रता घटती या बढ़ती है। आप्टिकल गैस सेंसर से क्षेत्र में मौजूद प्रत्येक गैस की उपस्थिति अलग-अलग स्पष्ट होगी। प्रकाश कणों पर आधारित इस तकनीक से तत्काल परिणाम सामने आते हैं।

### एलईडी बताती हैं स्थिति

इस सेंसर में एलईडी लगी है, जो गैस रिसाव का संकेत देती हैं। इस तकनीक का पेटेंट करवाया जा चुका है। डा. खान के अनुसार इस गैस सेंसर की कीमत करीब 800 रुपये होगी। उपकरण के ज्यादा निर्माण में लागत कम हो सकती है।

### ट्रैफिक पुलिस के लिए भी मददगार

इलेक्ट्रान फोटोन सेंसर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच में भी बेहद कारगर साबित होगा। इसके उपयोग से अल्कोहल की उपस्थिति के साथ उसका स्तर पता लगाया जा सकेगा।

### यहां हो सकता है उपयोग

प्रयोगशालाएं, उर्वरक करखाने, न्यूक्लियर पावर प्लांट, गैस संस्थान, घरों में एलपीजी के साथ ही कारखानों में गैसों के प्रदूषण को भी मापा जा सकेगा।

**यह एक अच्छा प्रयास है। देश के कई संस्थानों को इस तकनीक से लाभ होगा। आगे भी इस तरह के परिणाम मूलक शोध कार्यों पर हमारा जोर होगा।**
**- डा. मनमोहन कापसे, डीन आरएनसी, मैनिट**

# शीतलहर की चपेट में राजधानी



## 5.5 डिग्री पर पहुंचा रात का पारा

**भोपाल।** बर्फीली हवाओं से राजधानी में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह शहर का न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस कम रहा। राजधानी के अलावा धार, रायसेन एवं रतलाम में शीतलहर का असर रहा। पचमढ़ी में पारा 2.6 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी दो-तीन दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने की संभावना है। शहर में तीन दिन में मौसम ने अचानक करवट बदली है। रविवार को शहर का न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस था। जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक था। दो दिन में मंगलवार को न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 5.5 पर पहुंच गया। दो दिन में रात का पारा 7.9 डिग्री सेल्सियस नीचे लुढ़क गया। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि वर्तमान में मध्यप्रदेश में कोई वेदर सिस्टम सक्रिय नहीं है। उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है। हवा का रूख उत्तरी बना रहने से रात एवं दिन के तापमान में गिरावट का सिलसिला बना हुआ है। आसमान साफ रहने और सर्द हवाएं चलने के कारण सोमवार को शहर में शीतल दिन रहा था। मंगलवार को भी शीतल दिन रहने की संभावना है। दो दिन में अचानक ठंड बढ़ने का असर जनजीवन पर भी पड़ने लगा है। रात के अलावा लोग दिन में भी अलाव जलाकर ठंड से जूझते नजर आ रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में मप्र के मौसम को प्रभावित करने वाला कोई वेदर सिस्टम सक्रिय नहीं है।

# महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

## शराबबंदी की मांग को लेकर राजधानी में खोला मोर्चा



**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती शराबबंदी की मांग को लेकर मोर्चा खोल चुक हैं। प्रदेश में शराबबंदी को लेकर कई बार बयान दे चुकी हैं। उमा भारती के बाद भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर भी शराबबंदी की मांग उठा चुकी हैं। हाल ही में साध्वी ने अंकुर खेल मैदान पर शराबबंदी के बयान का पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती के समर्थन किया था। शराबबंदी को जरूरी बताया था। हालांकि उन्होंने शराब को औषधि भी बताया था। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने कहा था कि कम मात्रा में शराब पीने पर शराब औषधि का काम करती है और अधिक मात्रा में सेवन करने पर जहर बन जाती है। उमा भारती व साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के बाद अब जिला महिला कांग्रेस ने भी शराबबंदी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने जिला महिला कांग्रेस ने शराबबंदी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और शराबबंदी के? लिए राज्?यपाल नाम ज्ञापन दिया। कांग्रेस की महिलाएं कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करके प्रदेश में शराब पूरी तरह से बंद करने की मांग मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से की है। जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष संतोष कसाना के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया । महिला कांग्रेस की सदस्य प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाज की । जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष संतोष कसाना ने बताया कि भाजपा प्रदेश सरकार नहीं चाहती है कि प्रदेश में शराबबंदी हो। एक तरफ भाजपा की पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती शराबबंदी की मांग कर रही हैं। भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर शराब को औषधि बता रही हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नहीं सुन रहे हैं। मुख्यमंत्री राजस्?व बढ़ाने के लिए शराब की बिक्री पर रोक नहीं लगा रहे हैं, इसलिए कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर रही है।



# गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस फायनल रिहर्सल हुई

## एसएएफ के स्पेशल डीजी ने किया मुआयना

**भोपाल।** कोविड-19 संक्रमण से बचाव के प्रोटोकाल का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस की 72वीं वर्षगांठ गुरुवार को मध्यप्रदेश में भी हर्षोल्लास, धूमधाम और गरिमामय ढंग से मनाई जाएगी। मुख्य समारोह 26 जनवरी को राजधानी भोपाल के लाल परेड मैदान में सुबह नौ बजे से आयोजित होगा। गणतंत्र दिवस समारोह में निकलने वाली संयुक्त परेड का अंतिम अभ्यास सोमवार को लाल परेड मैदान पर किया गया। प्रदेश मे विशेष सशस्?त्र बल के स्?पेशल डीजी मिलिंद कानस्?कर ने परेड रिहर्सल एवं समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फायनल रिहर्सल के दौरान प्रतीकस्?वरूप एक पुलिसकर्मी ने मुख्?य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्?वजारोहण कर परेड की सलामी भी ली।

# सप्ताहभर में 2000 रुपये महंगा हुआ लोहा

## सीमेंट के दामों में 10 दिन में तीन बार बढ़ोत्तरी



**इंदौर।** इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर और घर का सपना देख रहे लोगों पर एक बार फिर कमरतोड़ महंगाई की मार पड़ती दिख रही है। लोहे के दाम तेजी से ऊपर की ओर जा रहे हैं। लोहा इंगट सप्ताहभर में 2000 रुपये महंगा हो चुका है। पीछे-पीछे आयरन मिले सरिये के दाम भी बढ़ा रही है। सीमेंट नए साल में लोहे से रेस लगाती दिख रही है। 20 जनवरी को सीमेंट के दाम बढ़ाने के बाद एक फरवरी से पहले दो बार और दामों में वृद्धि की घोषणा कर दी गई है। इंदौर के बाजार में सोमवार को लोगा इंगट के दाम 500 रुपये बढ़ाकर खोले गए। लोहा कारोबारी मनोज शर्मा के अनुसार मंडी गोविंदगढ़ से इंगट के भाव 47500 रुपये बताए गए। सप्ताहभर पहले लोहा इंगट 45500 रुपये बिक रहा था। इसके साथ सरिया मिलों की ओर से भी दामों में वृद्धि कर दी गई। सरिया कारोबारी यूसुफ लोखंडवाला के अनुसार इंदौर बाजार में अलग-अलग ब्रांड के सरिये में सोमवार को दो से तीन रुपये किलो की तेजी आई। 100 एमएम से 25 एमएम सरिया सोमवार को 59500 से 62500 रुपये क्विंटल बिक रहा है।सप्ताहभर पहले 46800 रुपये के दाम पर सरिया बिक रहा था। लोहा कारोबारी मान रहे हैं कि लोहे में सीधे तौर पर सट्टेबाजी चल रही है। लोखंडवाला के अनुसार इन दिनों व्यापार ठंडा है। खास मांग नहीं होने के बावजूद इतनी तेजी सीधे तौर पर सट्टेबाजी का असर है। दो-तीन साल पहले पूरे सीजन में बमुश्किल 500 से 600 रुपये की तेजी-मंदी होती थी। अब तो लोहे व्यापारी और ग्राहक दोनों के लिए मुसीबत बन रहा है। तेजी देख ग्राहक भी बाजार से दूर हो गए हैं।

### सीमेंट में लगातार बढ़ेंगे दाम

20 जनवरी को सीमेंट के दामों में पांच रुपये की वृद्धि की गई थी। प्रदेश के सबसे बड़े सीमेंट वितरक हेमंत गट्टानी के अनुसार दामों में वृद्धि का सिलसिला अभी रूका नहीं है। 28 जनवरी को एक बार फिर सीमेंट कंपनियों ने दाम बढ़ाने की घोषणा कर दी है। 28 जनवरी को पांच रुपये दाम और बढ़ाए जाएंगे। इसके बाद तीसरी दाम वृद्धि एक फरवरी को होगी। एक फरवरी को सीमेंट के दामों में सीधे 10 से 15 रुपये का इजाफा होने की घोषणा है। अभी सीमेंट इंदौर में प्रति बोरी 340 से 250 रुपये बोरी के दाम पर बिक रही है। फरवरी में संभवत- 360 रुपये से नीचे सीमेंट न मिले। सीमेंट कंपनियों ने बीते समय उर्जा खर्च बढ़ने को दाम बढ़ने की वजह बताया था। अब कच्चे माली की कीमतों के साथ जोरदार मांग को भी कीमतें बढ़ने की वजह माना जा रहा है।

# Alert-विषय व माध्यम में संशोधन 31 जनवरी तक

### दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थी आवेदन पत्रों में विषय व माध्यम का संशोधन 31 तक करा सकते हैं

**भोपाल ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) द्वारा आयोजित 2022 की बोर्ड परीक्षा के आवेदन पत्रों में विषय व माध्यम में संशोधन 31 जनवरी तक कर सकते हैं। इस वर्ष आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंकों की प्रविष्टि आनलाइन माध्यम से की जाएगी। इस संबंध में माशिमं ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। माशिम द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के लिए विषयवार ओएमआर शीट संस्था प्राचार्य या केंद्राध्यक्ष के लागिन पर उपलब्ध रहेगी। इन परीक्षाओं के प्रवेश पत्र मंगलवार तक आनलाइन जारी किए जाएंगे। इस कारण स्कूल के प्राचार्यों से कहा गया है कि अपने स्कूल के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड कर छात्र कोड और विषयों को अनिवार्य रूप से देख लिया जाए। यदि मंडल द्वारा जारी प्रवेश पत्र में किसी भी विद्यार्थी के विषयों में गलती है तो उसे 31 जनवरी तक आनलाइन संशोधन करा लिए जाए। अंतिम तिथि के बाद किसी भी दशा में विषय संशोधन मान्य नहीं किया जाएगा और मंडल द्वारा जारी प्रवेश पत्र में अंकित विषयों के आधार पर आनलाइन ओएमआर शीट जारी की जाएगी।

# मेरठ के तीन बदमाश भोपाल में एक होटल से गिरफ्तार

## लूट की वारदात कबूली

भोपाल । 26 जनवरी की कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच अशोकागार्डन पुलिस ने मेरठ उप्र के तीन नामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने किराये पर स्कूटर लेकर बीई छात्र के साथ मोबाइल लूट की वारदात की थी। बदमाश के साथी को मौके से पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। बाद में उसके अन्य दो साथियों को एक होटल से गिरफ्तार किया गया। तीनों बदमाशों को पुलिस ने एक दिन की रिमांड पर लिया है। आरोपितों ने ओडिशा और राजस्थान में भी आपराधिक वारदात करना कबूल किया है। बदमाश मोबाइल कवर बेचने के नाम पर लूट और ठगी की वारदात कर रहे थे। अशोकागार्डन पुलिस मेरठ उप्र पुलिस को मामले की जानकारी देकर आरोपितों के आपराधिक रिकार्ड की जांच कर रही है।

# चोरी के एटीएम से आइफोन बुक कराया

### बागसेवनिया पुलिस ने वेबसाइट पर पता खोजकर चोर को पकड़ा

**भोपाल।** बागसेवनिया के सुरेंद्र पैलेस से महिला के पर्स के अंदर रखा छोटा पर्स चुरा कर एटीएम से पचास हजार रुपये चुराने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को पर्स में एटीएम के साथ एक डायरी भी मिली थी। डायरी में लिखे पासवर्ड के आधार पर आरोपित ने पचास हजार रुपये निकाल लिए थे, उसके बाद उसने आनलाइन आइफोन बुक किया, लेकिन ओटीपी के कारण भुगतान नहीं होने के कारण उसे बुकिंग निरस्त करनी पड़ी। इससे पुलिस को अहम सुराग मिल गया।

# दिग्विजय सिंह समेत भोपाल में 2024 नए कोरोना मरीज मिले, एक की मौत

**भोपाल ।** पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने ट्वीटर के जरिए यह जानकारी दी है। इसके अलावा भोपाल में सोमवार को 7003 सैंपल की जांच में 2024 मरीज मिले हैं। इस तरह संक्रमण दर 29 फीसद रही। निजी अस्पताल में एक मरीज की मौत भी हुई है। नए मरीजों में 151 बच्चे भी शामिल हैं। प्रदेश में मिले 10,585 नए मरीज वहीं राहत की बात है कि मध्य प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या लगातार दूसरे दिन भी कम हुई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार रविवार को 80,967 सैंपलों की जांच में 10,585 नए मरीज मिले हैं। छह मरीजों की मौत हुई है। इनमें चार इंदौर, एक भोपाल और एक जबलपुर में है। शुक्रवार को 83,365 सैंपलों की जांच में 11,253 मरीज मिले थे। जबकि गुरुवार को 11,274 मरीज मिले थे। अस्पतालों में भर्ती मरीजों का आंकड़ा एक हजार से ऊपर पहुंच गया है। 1034 पाजिटिव और 145 संदिग्ध मरीज निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या 69,893 है।

# अमेजन प्लेटफार्म के विरुद्ध दर्ज होगी एफआइआर

### राष्ट्र के अपमान के किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा - गृहमंत्री

**भोपाल।** गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि राष्ट्र के अपमान के किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस संबंध में डीजपी को निर्देश दिए हैं कि अमेज़न प्लेटफार्म के विरुद्ध एफआइआर दर्ज करें। मुझे जानकारी मिली है कि अमेजन पर बिकने वाली वस्तुओं के माध्यम से राष्ट्र्ध्वज का अपमान किया जा रहा है। यह बहुत पीडादायक है। कंपनी पर सख्त कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मप्र में अब चार की जगह छह हजार आरक्षकों की भर्ती की जाएगी।

# किसानों के लिए संजीवनी साबित हुई रिमझिम बारिश

**कृषि अधिकारियों ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण**

## सब्जी को पाला से बचाने के लिए दिए अनेकों सुझाव

**जबलपुर यश भारत। रुक-रुक कर हो रही रिमझिम बारिश से किसानों के चेहरे एक बार फिर खिल उठे यह रिमझिम बारिश उन किसानों के लिए संजीवनी साबित हुई जिन्होंने गेहूं की फसल लगाई हुई है इसके साथ ही यह आसमानी बारिश दलहनी फसलों एवं सब्जी की खेती कर रहे किसानों के लिए भी काफी फायदेमंद है विगत करीब 1 सप्ताह से हो रही रिमझिम बारिश के संबंध में कृषि विस्तार अधिकारी जे पी त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आसमानी बारिश यूरिया में मिश्रित है अतः ट्यूबवेल से की जाने वाली सिंचाई से अधिक फायदेमंद है इस बारिश से फसलों में एक अलग ही ऊर्जा उत्पन्न होती है।**

इस संबंध में किसानों का कहना है कि फिलहाल बना मौसम फसलों के अनुकूल माना जा रहा है। क्योंकि रबी की फसलों को ठंड के साथ-साथ धूप की जरूरत होती है। विशेषज्ञों की मानें तो यह मौसम फसलों के लिए संजीवनी होगा। इस संबंध में कृषक सत्यम सिंह राजपूत अरुण सिह बृजराज सिंह राजपूत ठाकुर हाकम सिंह अरुण सिंह सहित अन्य किसानों ने बताया कि रबी की फसलों को अच्छे से पनपने के लिए ठंड की जरूरत होती है। जो अब मौसम में देखने को मिल रही है। वहीं दिन के समय धूप खिलने से फसलों को फायदा मिलेगा। अगर ठंड नहीं होगी तो फसलें भी अच्छी नहीं होंगी। रबी की फसलों को पनपने में ठंड का भी अहम योगदान होता है। हालांकि पाला प?ना फसलों के लिए हानिकारक माना जाता है। अभी तक पाला नहीं प? रहा है। वहीं पाले के समय भी धूप व सिचाई ही फसलों को सुरक्षित रखती है। अगर दिन के समय में धूप खिलती है तो फसलें अधिक ठंड को भी सहन कर सकती है। ठंडा मौसम रहने से पैदावार भी बढ़ने की उम्मीद है।

### बारिश से होगा फसलों को फायदा

इस समय खेतों में रबी की फसलें तैयार हो रही हैं. गेहूं की फसल के लिए इस समय होने वाली बारिश वरदान साबित हो सकती है. दरअसल, इस वक्त गेहूं की फसल को सिंचाई की जरूरत होती है. ऐसे में रिमझिम बारिश किसानों को इस समस्या से मुक्त तो करेगी ही साथ में ही गेहूं की बाली में पानी जाने के कारण यह बारिश का पानी खाद का काम करेगी. जिसकी वजह से फसलों का बेहतर विकास होगा किसान कहते हैं कि रिमझिम बारिश से गेहूं, चना, मटर, सरसों सहित सभी फसलों को लाभ पहुंचेगा. वह कहते हैं कि रबी की फसलों पर यूरिया की पहली टॉप ड्रेसिंग के लिए यह बारिश बेहद फायदेमंद है. यूरिया की ड्रेसिंग से पहले किसानों को हल्की सिंचाई करनी पड़ती है, लेकिन अब किसानों को इसके लिए जद्दोहद नहीं करना पड़ेगा।





### फसल देखने खेतों में पहुंचे कृषि अधिकारी

आसमानी बारिश से फसलों की क्या स्थिति है इसका निरीक्षण करने के लिए गत दिवस अनुविभागीय अधिकारी पाटन डॉक्टर इंद्रा त्रिपाठी कृषि विस्तार अधिकारी श्रीकांत यादव जे पी त्रिपाठी अपने अन्य कृषि वैज्ञानिकों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया जिसमें कुसली इमलिया मुरई लोहारी बोरिया सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर वहां के किसानों से मिलकर गेहूं एवं दलहनी फसलों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कृषि विस्तार अधिकारी टीम द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए किसानों को बताया कि इस यूरिया मिश्रित बारिश से फसलों को फायदा है इसके साथ ही मुरई ग्राम में करीब 10 एकड़ मैं सब्जी की खेती कर रहे ब्रजराज सिंह (संजू) की सब्जी का जायजा लेते हुए उन्होंने सलाह दी कि गंधक का छिड़काव करते हुए रात 12-00 बजे के बाद खेत के चारों तरफ धुआं करें जिससे कि सब्जी की फसल मैं लगने वाला पाला बेअसर रहे इसी तरह से कृषि विस्तार अधिकारियों ने अन्य किसानों से भी मिलकर उनको भी गेहूं चना मसूर मटर आदि फसलों को सुरक्षित रखने के लिए तरह-तरह के नुक्से बताये गये।

# लावण्या को न्याय दिलाने अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



**अनूपपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अनूपपुर इकाई ने तमिलनाडु के राज्यपाल के नाम लावण्या के लिए न्याय और मिशनरी स्कूलों में जबरन मत परिवर्तन के खतरे से निपटने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्छरूको ज्ञापन सौंपा। सेक्रेड हार्ट्स हाई स्कूल, तंजावुर, तमिलनाडु के छात्र एम लावण्या की आत्महत्या से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और हमारे देश का पूरा युवा बेहद सदमे और पीड़ा में है। यह हमें क्रोध दिलाता है कि लावण्या को ईसाई मत में जबरन मतांतरण के प्रयास के कारण हुई भयावहता के कारण अपना जीवन समाप्त करना पड़ा, जिसे उसने सचेत अवस्था में रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो में गवाही दी थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पुलिस ने दोषियों को न्याय दिलाने के लिए सक्रिय रूप से काम नहीं किया है। इसपर प्रकाश डालते हुए , और देश भर में कई मिशनरी स्कूलों के तत्वावधान में चल रहे बड़े पैमाने पर मतांतरण का संज्ञान लेते हुए, एबीवीपी मांग करती है कि-सभी ईसाई मिशनरी स्कूलों में संस्थागत इंजीलवाद का अंत किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि संस्थागत इंजीलवाद का अभ्यास नहीं किया जाता है, चर्चों और मस्जिदों को स्कूलों से अलग करने के लिए एक उचित नियामक ढांचे को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। जबरन धर्मांतरण को एक दंडनीय अपराध बनाया जाना चाहिए और इसलिए मतांतरण विरोधी कानून की बहुत आवश्यकता है और इसे राज्य और पूरे देश में समय पर लागू करना अनिवार्य है।लावण्या और दोषी शिक्षकों पर हो रही क्रूरता को प्रकाश में लाने के लिए उचित और पारदर्शी जांच की जाएगी, इसे तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाना चाहिए। एक अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड वाले आईपीएस अधिकारी को जांच अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाना चाहिए।

ABVP आपसे माँग करता है कि छात्रों की सुरक्षा और सुरक्षा प्रदान करने वाले शैक्षिक वातावरण की स्थापना के हित में, हम आशा करते हैं कि आप इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम करेंगे और यह भी सुनिश्चित करेंगे कि लावण्या को न्याय मिले।ज्ञापन में नितिन मिश्रा, कार्तिकेय तिवारी,विजय ताम्बे,अनुज तिवारी,अतुल अग्निहोत्री,सुजल दुबे,मानस गौतम,भानु गौतम,दीपांशु मित्रा, आदित्य प्रताप सिंह,लवकुश रौतेल,बालेंद्र साहू,आदित्य प्रताप सिंह,ओंकार सिंह धुर्वे उपस्थित रहे।

# गुमशुदा दूल्हे की लव मैरिज की तस्वीर आई सामने, दोबारा हुई शिकायत

**शादी से 1 दिन पहले ही गुमशुदा हो गया था दूल्हा, मामला कोतमा थाने का**

**अनूपपुर/कोतमा।** राज्य के अंतिम छोर में स्थित लामाटोला में निवास करने वाले प्रकाश सिंह परिहार की पुत्री का विवाह छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के सकोला ग्राम में निवास करने वाले राज उदय सिंह बघेल के पुत्र अविनाश के साथ 20 जनवरी को होना था। 19 जनवरी को दूल्हा गुमशुदा हो गया था जिसकी गुमशुदगी सरगुजा जिले में दर्ज कराई गई थी।बारात नहीं आने पर 20 जनवरी को ही वधू पक्ष के लोगों ने भी थाने में शिकायत की थी जिसके बाद पुलिस के द्वारा जांच की बात कही गई थी। कोतमा थाना प्रभारी अजय बैगा ने बतलाया कि जांच के दौरान ही 22 जनवरी को एक तस्वीर मिली जिसमें यह बताया जा रहा है कि 21 जनवरी को ही अविनाश ने रायपुर में प्रेम विवाह कर लिया है। प्रेम विवाह की तस्वीर सामने आने के बाद एक बार फिर वधू पक्ष के लोग थाने पहुंचे जहां उनके द्वारा शिकायत की गई है कि विवाह के लिए तिलक में दिए गए सात लाख रुपयों के साथ ही तमाम रस्मों में हुए खर्च की राशि को वापस कराया जाए। वही धोखाधड़ी करने वाले युवक के विरुद्ध में मामला पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जाए उसके इस कृत्य से हमें सामाजिक रूप से अपमानित होना पड़ा है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि इस संबंध में युवक के पिता से बात हुई है और वे थाने में आकर बयान देने के साथ ही रुपए और सामग्री भी वापस करने के लिए तैयार हैं।

# 500 में बेच रहे थे बोरी, परिवहन के दौरान बिचौलिए सक्रिय

**जयसिंह नगर।** धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी समाप्त होने के उपरांत अब किसानों द्वारा बेचे गए धान में परिवहन प्रारंभ हो गया है किंतु परिवहन के दौरान बिचौलियों द्वारा सेंट मारना भी प्रारंभ कर दिया गया हैद्य अब धान में भी हेरफेर किए जाने की खबर सामने आ रही हैं जयसिंह नगर थाना के कौवा सरई से पुलिस ने अवैध तरीके से खरीदे हैं धान को एक ढाबा से जप्त किया है उस ढाबे का संचालक अनिल गुप्ता नामक व्यक्ति बताया जाता हैद्य मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मामला पंजीबद्ध करते हुए धान जप्त किया हैद्य व्यवहारी के सनाशी धान खरीदी केंद्र से धान का परिवहन ट्रकों के माध्यम से कराया जा रहा है जो धान खरीदी केंद्र से धान लोड कर गोदामों तक पहुंचाने का काम करते हैंद्य उक्त धान को व्यवहारी के सर्नओसी खरीदी केंद्र से जैसीनगर के ढोलर कैंप में रखा जाना था किंतु ट्रक चालकों के द्वारा गोदाम पहुंचने से पूर्व एक ढाबा में 15 बोरा धान ?500 प्रति बोरा के हिसाब से बेच दिया गया।

# 200 किलो गांजे के साथ मोजर बेयर गेट के पास से दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**जैतहरी** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर अखिल पटेल से प्राप्त सूचना के आधार पर पिकअप वाहन में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले कुछ अज्ञात व्यक्ति गांजा लेकर छत्तीसगढ़ तरफ से थाना जैतहरी के रास्ते अनूपपुर की ओर बिक्री हेतु आने वाले इस सूचना को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा गंभीरता से लेते हुए सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी जैतहरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई इसी अनुक्रम दिनांक 23 जनवरी 2022 को थाना जैतहरी में वाहन चेकिंग के दौरान मोजर बेयर तिराहा जैतहरी के पास जैतहरी रोड अनूपपुर में रोड के किनारे बिना नंबर की एक पिक अप वाहन संदिग्ध हालत में खड़ी थी पुलिस टीम के द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर 9 बोरी आलू एवं 6 बोरी में 200 पैकेट में कुल 200 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ पाया गया पिकअप वाहन में बैठे शिवम मिश्रा पिता राजेश मिश्रा उम्र 22 साल निवासी छुला कछार थाना पौधध एवं प्रभांशु चौधरी पिता बाबूलाल चौधरी उम्र 25 साल निवासी घरौला मोहल्ला वार्ड नंबर 17 शहडोल को गिरफ्तार किया गया उक्त घटना पर थाना जैतहरी में अवैध अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 120 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई है जो गांजे के स्रोत के बारे में पता लगाएगी जिससे अवैध मादक पदार्थ से परिवहन पर अंकुश लगेगा नशे के विरुद्ध की गई प्रभावी कार्रवाई से गांजे के अवैध कारोबार में निश्चित रूप से अंकुश लगेगा संपूर्ण कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक श्री अखिल पटेल के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में एसडीओपी अनूपपुर कीर्ति बघेल एवं थाना प्रभारी जैतहरी निरीक्षक केके त्रिपाठी एवं उप निरीक्षक रंगनाथ मिश्रा सहायक उपनिरीक्षक शिवाकांत शुक्ला आरक्षक मोहित राणा प्रधान आरक्षक रविशंकर गुप्ता आरक्षक विजय नंद पांडे की विशेष टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दवाई बेचने के साथ मरीजों का भी होता है उपचार

**शहडोल।** जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर जयसिंह नगर में इन दिनों बिना किसी वैध डिग्री और डिप्लोमा के मेडिकल स्टोर का संचालन तो किया ही जा रहा है वही संचालकों के द्वारा मेडिकल स्टोर के नाम पर प्रैक्टिस करना भी आम बात हो चुकी है डॉक्टर की सलाह के बिना ही मेडिकल संचालक मरीजों को अपने ढंग से परामर्श देकर दवाइयां दे रहे हैं वहीं कुछ पैसों की लालच में खुद डॉक्टर बनकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैंद्य जैसीनगर में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर से लेकर जिले का स्वास्थ्य अधिकारी एवं ड्रग इंस्पेक्टर भी किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### करकी में बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर

जनपद पंचायत जैसीनगर के ग्राम पंचायत करकी में कई मेडिकल स्टोर ऐसे हैं जो बिना लाइसेंस के ही संचालित किए जा रहे हैं पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ राजेश तिवारी द्वारा बिना वैध दस्तावेज के इलाज करते पाए जाने पर मेडिकल स्टोर के संचालक पर कार्यवाही भी की गई थी किंतु कार्यवाही के उपरांत भी फिर से ऐसे मेडिकल संचालक अपनी मनमानी पर उतर आए हैं।

# अनूपपुर विधायक व खाद्य मंत्री ने जैतहरी वार्ड नंबर 1 में कुशा भाऊ ठाकरे भवन का किया लोकार्पण



**जैतहरी-** सोमबार को विसाहू लाल सिंह खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मध्यप्रदेश शाशन ने 50 लाख की लागत से बने वार्ड नंबर 1 में कुशा भाऊ सामुदायिक भवन एवम्, 32 लाख की लागत से बनी वार्ड क्रमांक 05 मे सी.सी रोड का लोकार्पण किया कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम,सिद्धर्थ सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष उपस्थित रहे । मंत्री जी लोकार्पण के साथ ही जैतहरी नगर को लगभग 1 करोड़ के नये निर्माण की सौगात भी दी है । कार्यक्रम के दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर, मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीत पटेल , सहित भाजपा अन्य पदाधिकारी मोजूद रहे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती नवरात्रि विजय शुक्ला ने मंच के माध्यम से बताया की जैतहरी मे एसे ही विकास कार्य जारी रहेंगे नगर में किसी भी प्रकार की विकास कार्यो पर रोक नहीं लगने पाए और मेरे नगर के विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# बाजार मे भीड़भूल गयी सोशल डिस्टेनसिंग और मास्क का महत्व

**जैतहरी-** कोरोना की तीसरी लहर धीरे धीरे पैर पसारने लगी है इसके बाबजूद भी बाजार की भीड़ प्रसाशन द्वारा दी गयी गाइड लाइन का पालन प्रतिबंध के बाद भी जैतहरी मे साप्ताहिक बाजार का संचालन हो रहा है और बाजार मे उमड़ रही भीड़ न ही मास्क का उपयोग कर रही है और न ही सोशल डिस्टेंसिंग का इतना ही नही दुकान्दरो के द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग के गोले भी नही बनाये गए और दुकानदार स्वयं मास्क का प्रयोग नही कर रहे है प्रसाशन के द्वारा पहले भी दुकान्दरो पर कार्यबाही के निर्देश दिये गए थे परंतु या निर्देश वास्तबिकता के धरातल पर क्रियांबित नही हो पाए मास्क के लिए लोगो से जब हमने पूछा तो लोगो के द्वारा एक ही बहाना बताया गया की हमने वैक्सिन की दोनो डोज लगवा ली है इसके बाद हमने उनसे कहा की वक्सिन के साथ मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी जरूरी है तो भी लोग बहाने वनाते हुए कहने लगे की जल्दी जल्दी मे मास्क घर मे भूल गए है अनुबिभागीय दंडाधिकारी विजय देहारिय से जब इस संदर्भ मे पूछा गया तो उन्होंने बताया की लगातार मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग को लेकर कार्यवाही की जा रही है और अगर व्यापारियों के द्वारा नियमो का पालन नही किया जा रहा तो कार्यवाही की जायेगी ।

# मौहरी में सम्पन्न हुआ भाजपा का बूथ विस्तार बैठक



**बिजुरी।** भारतीय जनता पार्टी अनूपपर द्वारा जिले भर में इन दिनों बूथ स्तर पर कार्य प्रारम्भ किया गया है, ताकि हर एक कार्यकर्ता एक दूसरे के सम्पर्क में रहकर बूथ स्तर पर संगठन का कार्य प्रारम्भ कर पार्टी को मजबूत स्थिती में लाकर आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी का परचम शानदार तरीके से लहरा सके। कोयलांचल बिजुरी में भी मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र महरा कि अध्यक्षता में इन दिनों नगर के प्रत्येक बूथों पर बैठक कर कार्यकर्ताओं सहित बूथ प्रभारी एवं अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपते हुये काम सौंपा गया है। गत दिवस मौहरी वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 में भी पार्टी संगठन की बैठक निरंतर कयी घण्टों तक चलता रहा जिसमें शामिल चंद्रिका चंद्रा, भूपेन्द्र तिवारी, मंथन शर्मा ज्ञानदीप शुक्ला सहित सभी कार्यकर्ताओं को मण्डल महामंत्री दीपक मौर्य एवं आई.टी.सेल सह संयोजक हुसैन द्वारा विस्तार पूर्वक समझाकर बूथ विस्तार पर सुदृढ़ता से कार्य करने के लिऐ कहा गया।

# भारत का पहला ईएसजी आईपीओरू फैबइंडिया लिमिटेड ने आईपीओ के लिए डीआरएचपी फाइल की स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्टिंग में स्थिरता का समर्थन किया

**मुंबई ।** फैबइंडिया लिमिटेड फैबइंडिया या कंपनी का भारत के पहले ईएसजी आईपीओ ने बाजार नियामक के पास डीआरएचपी फाइल की ऑफर में कुल 500 करोड़ रुण् के फ्रेश इश्यू और मौजूदा निवेशकोंध्शेयरधारकों द्वारा 25,050,543 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है।

फैबइंडिया ने 50ए000 से अधिक कारीगरों को सशक्त बनाया है जिनमें से लगभग 64ः कारीगर महिलाएं हैं, जो अपने समुदायों के दूसरों को सशक्तिकरण का रास्ता दिखा रही हैंय 70ः घर से काम कर रही हैं।

कंपनी स्थायी कृषि पद्धतियों को बनाने के लिए 2,200 से अधिक किसानों के साथ सीधे और 10ए300 से अधिक किसानों के साथ सहयोगियों के माध्यम से भी काम करती हैय फैबइंडिया ने ग्लोबल ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन प्राप्त करने में किसानों का समर्थन करके एक गैर.विषैले कृषि संस्कृति बनाने के लिए कदम उठाए हैं।

फैबइंडिया ने कारीगरों के लिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म विकसित किया हैए ताकि वो घर से काम कर सकें और इस हेतु फैबइंडिया ने उनके घरों पर कच्चा माल पहुंचाने और तैयार उत्पादों को उनके घरों से पिक.अप करने की सुविधा प्रदान की है।

कंपनी या उसकी सहायक कंपनियों से जुड़े कुछ कारीगरों और किसानों को पुरस्कृत करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिएए फैबइंडिया के कुछ प्रमोटरए अर्थात्ए बिमला नंदा बिसेल और मधुकर खेड़ाए 14 जनवरीए 2022 के अपने पत्रों के अनुसारए क्रमशः 400,000 इक्विटी शेयर्स और 375,080 इक्विटी शेयर्सए इस ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के फाइल करने के बाद और या तोरू ;पद्ध रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस को दाखिल करने से पहले या ऑफर की समाप्ति और लागू नियामक लॉक.इन अवधि के बाद सेबी आईसीडीआर विनियमों के तहतए लागू कानून के अनुपालन में स्थानांतरित करने का इरादा रखते हैं। यदि ऐसा प्रस्तावित स्थानांतरण ;या उसका कोई भागद्ध रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस को दाखिल करने से पहले किया जाता हैए तो फैबइंडिया में बिमला नंदा बिसेल और मधुकर खेडा की अद्यतन शेयरधारिता सहित प्रासंगिक विवरण रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में अपडेट किए जाएंगे।

# ग्राम पंचायत सोनमौहरी बना भृष्टाचारियों का गढ

अनूपपुर ।जिला अन्तर्गत स्थित ग्राम पंचायत सोनमौहरी अपने भ्रष्टाचार के लिए हमेशा चर्चाओं में बना रहता है, जिसकी लगातार शिकायत ग्रामीणों द्वारा जनपद सहित जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के पास करते रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मामले पर संज्ञान नही लेने से ग्राम पंचायत मौहरी में सचिव रामजी राठौर एवं उपयंत्री दोनों के हौसले इस कदर बुलंद हैं, कि यह जुगल जोड़ी मिलकर नित नऐ-नऐ भ्रष्टाचार को अंजाम देकर खुलेतौर पर शासकीय राशियों का दोहन कर रहे हैं। कार्य को ठेके पर देना, जेसीबी मशीनों से कार्य कराना, फर्जी बिल लगाकर भुगतान कराना जैसे भिन्न-भिन्न इनके कारनामों कि शिकायत लगातार ग्रामीणों द्वारा उच्च अधिकारियों के पास किया जाता रहा है, लेकिन मामले पर इन जिम्मेदार अधिकारियों के मौन रहने से निश्चित तौर पर भृष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। ग्रामीणों कि माने तो नवीन पीसीसी सड़क का आंतरिक निर्माण नंद किशोर मिश्रा के घर से गेंदलाल यादव के घर तरफ कार्य कराया जा रहा हैं जो पूरी तरह से गुणवत्ता विहीन है, कारण उक्त नवीन सड़क निर्माण में बिना बेस और लेवल तैयार कर पत्थरों में तब्दील हो चुके खराब सीमेंट का उपयोग कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, वहीं सीमेंट की मात्रा भी निर्माण कार्य में कम मात्रा में डाली जा रही है, जिसे यकीनन प्राक्कलन अनुसार नही माना जा सकता है। वहीं ग्राम पंचायत मौहरी में सेग्रीगेसन सेड निर्माण कार्य कराया जा रहा हैं जिसे सचिव राम जी राठौर के द्वारा 5.98 लाख रूपये कि लागत से कराया जाना है, किन्तु कार्य को ठेकेदार से कमिशन ले कर ठेकेदार को कार्य ठेके पे दे दिया गया है और मजदूरों की बजाय सभी कार्य को मशीनों से कराया जा रहा है, हर कार्य एक ही व्यक्ती से कराकर उसी व्यक्ती के नाम पर हर बार बिल का भुगतान कराया जाता है, जबकी उक्त व्यक्ती का कोई भी दुकान कहीं भी नही है।

# 23-24 फरवरी को पूरे कोल इंडिया में मजदूर विरोधी नीतियों को लेकर आंदोलन - शंकरराव

**अमलाई** मोदी सरकार की कोयला खदानों सहित विभिन्न सरकारी उद्योगों को कौड़ियों के मोल पूंजी पतियों के हवाले करने के खिलाफ 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और कर्मचारी संगठनों के आवाहन पर 23 एवं 24 फरवरी को हड़ताल किया जा रहा है टाटा की जानकारी देते हुए सीटू यूनियन के एरिया अध्यक्ष शंकरराव बरगट ने बताया कि जिन प्रमुख मांगों को लेकर हड़ताल किया जा रहा है उसमें जेबीसीसीआई 11 समझौता जल्द करो ,160 कोयला चालू खदानों को एमपी के अंतर्गत निजी हाथों में देने की नीतियों पर रोक लगाओ, लेबर कोड वापस लो ,सीटीओ लगाकर खदानों को बंद करने की नीति पर रोक ,भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के आधार पर कोयला उद्योग में विस्थापितों को नौकरी मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था, कोयला उद्योग के ठेका श्रमिकों को नियमित कोयला मजदूरों के बराबर वेतन और सुविधाएं, किसी रूप में नवीकरण करना बंद किया जाए और नेशनल ऐसेट मोनेटाइजेशन पाइपलाइन को समाप्त किया जाए, रक्षा सेवा अधिनियम समाप्त किया जाए, केंद्रीय कर्मियों की नई पेंशन योजना रद्द किया जाए और पुरानी पेंशन योजना फिर से चालू किया जाए ,कृषि कानूनों को वापस लेने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा की बाकी 6 सूत्री मांगों को स्वीकार किया जाए, जो परिवार आयकर के दायरे में नहीं आते उन्हें प्रतिमाह 7500 की खाद एवआए सहायता दी जाए महंगाई पर रोक लगाया जाए, पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय टैक्स कम करके उनकी कीमत घटाई जाए ,आंगनबाड़ी आशा कर्मियों मध्यान भोजन और अन्य के लिए वैधानिक न्यूनतम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था की जाए ,राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए बड़े पूंजीपतियों कारपोरेट एवं अमीरों पर ज्यादा टैक्स लगाए जाएंद्य सीटू के एरिया अध्यक्ष ने आगामी 23 एवं 24 फरवरी को की जाने वाली हड़ताल को सफल बनाने की मांग श्रमिक जनों से की है।

# परिवार की खातिर कुर्बान हो गईं लता दीदी



## संघर्ष को हौसला बना यूं बनीं मेलोडी क्वीन

**भारत रत्न से सम्मानित दिग्गज गायिका लता मंगेशकर की हालत गंभीर है। लता मंगेशकर कोरोना के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी असपताल में भर्ती हैं। वैसे तो परिवार के सदस्यों का कहना है कि कोरोना के मामूली लक्षण हैं। लता जी के उम्र को ध्यान में रखते हुए उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। हाल ही में उन्होंने इंडस्ट्री में 80 साल पूरे किए हैं। लता मंगेशकर को भारत की कोकिला भी कहा जाता है।**

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा प्रतिभाशली सिंगर में उनकी गिनती होती है। लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 में हुआ था।

लता जी के पिता का नाम पंडित दीनानाथ मंगेशकर था जो एक क्लासिकल गायक थे। बहुत कम उम्र से ही उनके पिता ने उन्हें संगीत सीखाना शुरू कर दिया था। लता जी के पिता जो भी प्ले लिखते वो उसमें हिस्सा लिया करती थीं। लगभग 8 दशक से भी ज्यादा के करियर में लता जी ने कई लीडिंग लेडिज के लिए अपनी आवाज दी।

लता मंगेशकर ने एक हजार से ज्यादा हिंदी फिल्मों और 36 क्षेत्रीय फिल्मों में गाना गाया है। कुछ मिलाकर वो 5,000 से अधिक गानों में अपना आवाज दे चुकी हैं। इन सालों में लता मंगेशकर ने मधुबाला से लेकर प्रियंका चोपड़ा तक के लिए अपनी आवाज दी है। 1942 में जब लगा मंगेशकर के पिता का निधन हो गया तो बड़ी संतान होने के नाते परिवार का सारा भार लता जी के कंधों पर आ गया। लता मंगेशकर के पिता के दोस्त मास्टर विनायक ने उन्हें बड़ी मां फिल्म में रोल ऑफर किया, जिसके लिए वो मुंबई आई। यहीं लता जी ने उस्ताद अमन अली खान से हिंदुस्तानी म्यूजिक सीखा। लता जी ने अपने करियर में कई सारे लिजेंड्री म्यूजिक डाटरेक्टर के संग काम किया है।

जिनमें मदन मोहन, आर.डी बर्मन, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल और एआर रहमान जैसे नाम शामिल हैं। लता मंगेशकर ने लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के लिए 700 से भी ज्यादा गाने गाए। जिसमें मेरे नसीब में और शाशी हो या दिल हो काफी पॉपुलर रहा। लता जी ने आर डी बर्मन के साथ सबसे पहले साल 1961 में छोटे नवाब फिल्म में गाया था, उसके बाद 1942 में आई कुछ ना कहो में उनके साथ काम किया। आखिरी बार लता जी और आर डी बर्मन ने 1994 में आई ए लव स्टोरी में काम किया। वहीं एआर रहमान के साथ लता जी कोलाब्रेशन का नतीजा था साल 2006 में आई रंग दे बसंती का लुका छुपी और साल 2001 में आई लगान का ओ पालनहारे। इसके अलावा प्यार किया तो डरना क्या से लेकर मुगल-ए-आज़म से लेकर अजीब दास्तां है तक, दिल अपना और प्रीत पराई से लेकर रंगीला रे यहां तक कि जिया जले सॉन् तक में सिंगर ने अपनी आजाव का जादू पिरोया। साल 2012 में लता मंगेशकर ने खुद का म्यूजिक लेबल जिसका नाम एलएम म्यूजिक था उसे लॉन्च किया। उनका सबसे हालिया रिलीज सॉन्ग सौगंध मुझे इस मिट्टी की जो साल 2019 में रिलीज हुई थी वो था।

# वरुण धवन ने पहली मैरिज एनिवर्सरी पर शेयर की थ्रोबैक तस्वीरें, सेलेब्स ने दी बधाई

**एक्टर वरुण धवन ने पिछले साल अपनी बचपन की दोस्त नताशा दलाल के सात शादी रचाई थी। ऐसे में सोमवार यानी 24 जनवरी 2022 को कपल अपनी शादी की पहली एनीवर्सरी सेलिब्रेट कर रहे हैं।**



इस खास मौके पर उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर विवाहिक बंधन में बंध रहे वक्त की तस्वीरें शेयर की हैं। जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और फैंस इन तस्वीरों को काफी पसंद भी कर रहे हैं।

### एक्टर ने शेयर की तस्वीर...

अपनी शादी की पहली सालगिरह के अवसर पर वरुण धवन ने बैक टू बैक तीन तस्वीरें पोस्ट की है। जिसमें से पहली तस्वीर में एक्टर अपनी अर्धांगनी की हाथ पकड़ कर शपथ लेते हुए नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीरें में वो वरमाला की रस्म को पूरा कर रहे हैं। वहीं तीसरी तस्वीर में दोनों एक-दूसरे के हाथ जोडते एक दूसरे के आंखों में देख रहे हैं। इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर अभिनेता ने कैप्शन में 1 और हार्ट का इमोजी के साथ शेयर किया है।

वहीं, वरुण धवन की इन फोटोज को फैंस के साथ-साथ सेलेब्स भी बहुत पसंद कर रहे हैं और कमेंट कर इस जो? को शुभकामनाएं दे रहे हैं। बता दें , वरुण और नताशा ने बीते साल 24 जनवरी को मुंबई स्थित अलीबाग के रिजॉर्ट में शादी के बंधन में बंधे थे। कपल की शादी कोरोना गाइडलाइन के चलते दोनो परिवार के लोग और कुछ खास लोग ही शामिल हुए थे।

एक दूसरे को लंबे समय तक किया डेट मालूम हो, वरुण और नताशा काफी लंबे वक्त से रिलेशनशिप में थे। कपल को हमेशा साथ में वेकेशन साथ में एन्जॉय करते देखा गया है। वहीं वरुण धवन और नताशा दलाल ने मुंबई एक स्कूल से साथ पढ़ाई की है। एक्टर ने बताया की 12वीं क्लास तक अच्छे दोस्त बने रहे। लेकिन कुछ वक्त बाद जब वरुण और नताशा एक म्यूजिक कॉन्सर्ट में मिले जिसके बाद वरुण ने उन्हें प्रपोज कर दिया।

## कंगना रनौत ने बताया क्यों बॉलीवुड पर भारी पड़ रहीं साउथ की फिल्में दी बॉलीवुड की तरह नहीं बनने की सलाह

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं और हाल ही में उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी के जरिए उन्होंने बताया है कि क्यों साउथ के सुपरस्टार्स और साउथ की फिल्में इतनी पॉपुलर होती जा रही हैं। कंगना रनौत ने बताया कि क्यों साउथ की फिल्में बॉलीवुड पर भारी पड़ती जा रही हैं। बता दें कि बीते दिनों साउथ की फिल्म %पुष्पा% रणवीर सिंह की फिल्म %83% को बीट कर गई थी।

क्यों पॉपुलर हो रहा साउथ सिनेमा?

इतना ही नहीं कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम पर साउथ की फिल्म इंडस्ट्री और वहां के सुपरस्टार्स को इस बारे में एक खास मश्वरा भी दिया है। कंगना रनौत ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर लिखा, %ऐसी कुछ वजहें जिनकी वजह से साउथ का कंटेंट और साउथ के सुपरस्टार्स बॉक्स ऑफिस पर आग लगा रहे हैं। पहली वजह- वो भारतीय संस्कृति से बहुत गहरी तरह जुड़े हुए हैं।%

कंगना रनौत ने लिखा, %दूसरी वजह- वो अपने परिवारों और रिश्तों से प्यार करते हैं। ये सांस्कृतिक है ना कि पश्चिमी सभ्यता से प्रेरित। उनका काम का प्रोफेशनलिज्म और पैशन अतुलनीय है।%

कंगना रनौत बॉलीवुड में फैले नेपोटिज्म और बॉलीवुड के कई दिग्गज प्रोड्यूसर, डायरेक्टर और एक्टर्स से नाराज रही हैं। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी में साउथ को भी एक एडवाइज दी है।

कंगना रनौत ने लिखा, %उन्हें बॉलीवुड को खुद को करप्ट नहीं करने देना चाहिए।% बता दें कि कंगना रनौत जे.जयललिता की बायोपिक %थलाइवी% में लीड रोल प्ले किया था। जहां तक साउथ की फिल्मों का सवाल है तो %पुष्पा% के ब्लॉकबस्टर हिट होने के बाद अब फैंस को इस फिल्म के अगले पार्ट %पुष्पा - द रूल% का इंतजार है।





# नुपुर संग देसी अवतार में नजर आईं आइरा खान

## साड़ी के लिए ब्वॉयफ्रेंड की मां को कहा शुक्रिया

बॉलीवुड के मिस्ट परफेक्शनिस्ट कहलाने वाले अभिनेता आमिर खान की बेटी आइरा खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आइरा खान अक्सर इंस्टाग्राम पर अपने फोटोज और वीडियोज शेयर करती हैं, जिन्हें फैन्स काफी पसंद करते हैं। वहीं आइरा अपने ब्वॉयफ्रेंड नुपुर शिखरे संग तस्वीरें भी शेयर करती रहती हैं। ऐसे में इस बार आइरा ने नुपुर के साथ ही उनकी मां प्रीतम संग फोटोज शेयर की हैं। वहीं तस्वीरों में आइरा ने साड़ी पहनी है जो उनके ब्वॉयफ्रेंड नुपुर की मां प्रीतम की ओर से है। आइरा के ये फोटोज तेजी से वायरल हो रहे हैं।

### आइरा ने शेयर की तस्वीर

दरअसल आइरा खान ने इंस्टाग्राम पर तीन तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आइरा के साथ उनके ब्वॉयफ्रेंड नुपुर और नुपुर की मां प्रीतम नजर आ रही हैं। वहीं फोटोज में आइरा ने साड़ी पहनी हुई है, जिस में वो बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। तस्वीरों को फैन्स और सेलेब्स पसंद कर रहे हैं और कमेंट सेक्शन में तारीफ कर रहे हैं।

### प्रीतम को कहा साड़ी के लिए शुक्रिया

इन तस्वीरों के साथ आइरा ने कैप्शन में लिखा, %बॉम्बे से खादी कॉटन साड़ी। रविवार की शुभकामनाएं, प्रीतम शिखर साड़ी के लिए धन्यवाद, कृपया हैंडबैग को मिस न करें।% बता दें कि प्रीतम, नुपुर की मां हैं। आइरा के कैप्शन से ये साफ नहीं हो पा रहा है कि ये साड़ी प्रीतम की है या फिर प्रीतम ने उन्हें गिफ्ट की है।

### एक्ट्रेस नहीं डायरेक्टर बनना चाहती हैं आइरा

आइरा फिल्मों से दूर हैं लेकिन सेलिब्रिटी किड होने की वजह से चर्चा में रहती हैं। करियर की बात करें तो आइरा निर्देशक बनना चाहती हैं। कुछ समय पहले उन्होंने एक प्ले निर्देशित किया था जिसमें युवराज सिंह की पत्नी और अभिनेत्री हेजल कीच मुख्य भूमिका में थीं।

## सिनेमा में योगदान के लिए गोविंदा को मिला बड़ा सम्मान

**बॉलीवुड के कॉमेडी किंग और एक जमाने के सुपरस्टार एक्टर गोविंदा की फिल्मों का दीवाना हर कोई है। एक वो दौर था जब बॉलीवुड में गोविंदा का बोलबाला था। इस सुपरस्टार के पास फिल्मों की लाइनें लगी रहती थीं। गोविंदा का स्टारडम किसी से छिपा नहीं था। उस वक्त अच्छे से अच्छे लोगों को पछा? दिया था। उनके भारतीय सिनेमा में इसी योगदान के लिए डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है।**



गोविंदा के साथ में उनके भाई कीर्ति कुमार को भी सम्मानित किया गया। गोविंदा बॉलीवुड के हीरो नंबर 1 का तमगा बहुत पहले प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कई फिल्मों में कॉमिक किरदार तो निभाए ही हैं साथ में सीरियस रोल भी प्ले किए। रिपोर्ट्स की मानें तो गोविंदा के जुहू वाले बंगले पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें गोविंदा को डॉक्टरेट की उपाधि के सम्मानित किया गया।

गोविंदा इन दिनों अपने म्यूजिक वीडियोज को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना गाया हुआ गाना मेरे नाल.. इंटरनेट पर रिलीज किया था। इसके पहले उनका गाना हैलो.. रिलीज हुआ था जिसे लेकर बहुत से लोगों ने उन्हें ट्रोल किया था। वैसे, गोविंदा इन दिनों फिल्मों में कम ही नजर आते है। आखिरी बार फिल्म रंगीला राजा में दिखाई दिए थे। हां, वे टीवी के रियलिटी शोज में बतौर गेस्ट बनकर जरूर पहुंचते है। बता दें कि आज भले ही गोविंदा फिल्मों से दूर हों लेकिन एक वक्त का जब बॉलीवुड में उनका डंका बजता था। गोविंदा के इस स्टारडम से कई लोग उनसे जलने लगे थे। इसी के चलते बॉलीवुड में फैले ग्रुपिज्म और गैंग ने उन्हें निशाना बनाया और साइड कर दिया।

गोविंदा आजकल अपने म्यूजिक वीडियोज को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने अपना गाया हुआ गाना 'मेरे नाल' इंटरनेट पर रिलीज किया था। इसके पहले उनका गाना 'हैलो' रिलीज हुआ था जिसे लेकर बहुत से लोगों ने उन्हें ट्रोल किया था। इसके बाद गोविंदा ने अपने नए गाने के कमेंट सेक्शन को बंद कर दिया था। गोविंदा फिल्मों में कम एक्टिव हैं लेकिन वो टीवी पर रियलिटी शोज और इंटरनेट पर अपने गानों की वजह से सुर्खियों में छाए रहते हैं।

गोविंदा आखिरी बार फिल्म ' रंगीला राजा' में दिखाई दिए थे। ये फिल्म 19 जनवरी 2019 में रिलीज हुई थी इसे पहलाज निहलानी ने बनाई थी। गोविंदा हालही में कई रियलिटी शोज में भी नजर आए थे। गोविंदा का पिछले महीने बर्थडे था और उन्होंने ने अपने बर्थडे को एयरपोर्ट पर फैंस के साथ केक काटकर सेलिब्रेट किया था।

# कार्तिक आर्यन का क्लीन शेव लुक में शर्टलेस लुक देख क्रेजी हुए फैंस, तस्वीर हुई वायरल

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन न केवल अपनी फिल्मों बल्कि अपने चार्मिंग लुक्स के चलते भी फैंस के दिलों पर राज करते हैं। एक्टर को जब भी मौका मिलता है तो वो सोशल मीडिया पर अपनी डैशिंग फोटोज शेयर करके इंटरनेट का पारा बढ़ा देते हैं। यही नहीं कार्तिक आर्यन के लिए फैंस में दीवानगी भी अलग ही लेवल पर देखने को मिलती है। हाल ही में एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी बेहद शानदार सेल्फी पोस्ट की है, जिसमें वह क्लीन शेव में दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं कार्तिक आर्यन का शर्टलेस अवतार भी इस सेल्फी में चर्चा का कारण बना हुआ है।

हालांकि, बहुत बार पहले भी ऐसा हुआ है जब कार्तिक अपने शर्टलेस अवतार से फैंस को इंप्रेस कर चुके हैं, लेकिन इस बार वह अपने क्लीन शेव लुक से वह अलग ही सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करके एक्टर इसके कैप्शन में लिखते हैं, अगर मैं स्मूदी होता, तो कौन सा फ्लेवर होता। एक्टर के इस कैप्शन पर उनके कई फैंस ने मजेदार जवाब पोस्ट किया है।



### फैंस ने दिए ऐसे रिएक्शन...

कार्तिक आर्यन की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद फैंस इसपर जमकर कमेंट कर रहे हैं। इस दौरान एक यूजर ने लिखा, चॉकलेट बनाना चिया स्मूदी। दूसरे ने लिखा, आलमंड मिल्क और वाइल्ड मैंगो हनी के साथ बनाना स्ट्रॉबेरी स्मूदी। इसके अलावा फैंस एक्टर के इस सवाल के लगातार जवाब दे रहे हैं और उनके डैशिंग लुक की तारीफ कर रहे हैं। कार्तिक अक्सर ही अपने अलग-अलग अवतार से फैंस का दिल जीतने में कामयाब रहे हैं और साथ ही उनके कैप्शन भी अलग ही लेवल के होते हैं।

वैसे फैंस में कार्तिक को लेकर दीवानगी का ये आलम है कि वह इंटरनेट पर तो उनकी हर पोस्ट पर नजर बनाए ही रहते हैं साथ ही रियल लाइफ में भी उन्हें लेकर अपना प्यार जाहिर करने से नहीं हिचकिचते नहीं है। कार्तिक युवाओं में खासकर लड़कियों में बेहद मशहूर हैं, लड़कियां कार्तिक की एक झलक पाने के लिए बेताब रहती हैं। सोशल मीडिया पर पिछले दिनों दो लड़कियों का ऐसा ही एक वीडियो छाया हुआ था, जिसमें दो लड़कियां उनके घर के आगे उनका नाम लेकर चिल्ला रही थीं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो कार्तिक आर्यन साल 2022 में कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। जिसमें फ्रेडी, कैप्टन इंडिया, भूल भुलैया2, शहजादा और साजिद नाडियाडवाला की अगली फिल्म अनाम फिल्म शामिल है। कार्तिक इन फिल्मों में अलग-अलग भूमिका में दिखाई देंगे।

# आदित्य नारायण के घर जल्द आने वाला है नन्हा मेहमान

जी टीवी पर प्रसारित होने वाले टीवी रियलिटी शो सा रे गा मा पा के होस्ट आदित्य नारायण की खुशी आजकल सातवें आसमान पर है। आदित्य नारायण चाहकर भी अपनी खुशी छिपा नहीं पा रहे हैं। दरअसल, आदित्य नारायण जल्द ही पिता बनने वाले हैं। आदित्य नारायण ने हाल ही में इस बात का खुलासा किया है कि उनकी पत्नी श्वेता अग्रवाल प्रेग्नेंट हैं। आदित्य ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ मिनट पहले प्रेग्नेंट पत्नी के साथ फोटो शेयर कर फैन्स के साथ ये खुशखबरी शेयर की है। उन्होंने लिखा-श्वेता और मैं ये शेयर करते हुए आभारी और धन्य महसूस कर रहे हैं कि हम जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत कर रहे हैं। .हाल ही में आदित्य एक इंटरव्यू के दौरान अपनी एक्साइटमेंट शेयर की थी। आदित्य ने इंटरव्यू में अपनी पत्नी श्वेता की प्रेग्नेंसी का खुलासा किया है। आदित्य ने कहा- श्वेता और मैं अपने जीवन के इस नए फेज की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ये असली लगता है। मुझे हमेशा से बच्चों का शौक रहा है और मैं एक दिन पिता बनना चाहता था। अब श्वेता को और काम करना पड़ सकता है, क्योंकि मैं किसी बच्चे से कम नहीं हूं और हमने हाल ही में एक शरारती गोल्डन रिट्रीवर का भी स्वागत किया है। आदित्य नारायण ने इंटरव्यू में पिता बनने के एक्साइटमेंट के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा- ये फिल्मी लग सकता है। मुझे खुशी है कि मेरा सपना सच हो रहा है। बहुत जल्द हम सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों के साथ गोद भराई करने जा रहे हैं। उन्हें क्या चाहिए बेटी या बेटा तो आदित्य ने कहा- मैं बेटी का स्वागत करना पसंद करूंगा, क्योंकि पिता अपनी बेटियों के सबसे करीब होते हैं। अपने पेरेंट्स के बारे में बात करते हुए आदित्य ने कहा- दोनों उत्साहित हैं कि वे जल्द ही दादा-दादी बन जाएंगे। - 2010 में फिल्म शापित के सेट पर आदित्य और श्वेता की पहली मुलाकात हुई थी। पिर दोनों में दोस्ती हुई और उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया। करीब 10 साल तक रिश्ते में रहने के बाद 1 दिसंबर 2020 को शादी की थी। बता दें कि आदित्य ने बचौर चाइल्ड आर्टिस्ट भी कुछ फिल्मों में काम किया है। वे अच्छे सिंगर भी है। आदित्य टीवी के कई रियलिटी शोज को होस्ट कर चुके हैं।







## गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट , होटल- धर्मशाला- लॉज की सघन चैकिंग

# चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तीसरी नजर

**जबलपुर, यशभारत।** गणतंत्र दिवस को लेकर जबलपुर पुलिस अलर्ट मोड पर है जिसके चलते बी.डी.डी.एस. टीम द्वारा भीड़भाड़ वाले स्थान तथा महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सघन चेकिंग की जा रही है इतना ही नहीं पुलिस कप्तान ने संस्कारधानी वासियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु देखने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें साथ ही शहर में आने जाने वालों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा गणतंत्र दिवस पर्व को ध्यान मे रखते हुये सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ करने के उद्देश्य से संदिग्ध गतिविधियो की रोकथाम एवं पतासाजी हेतु बी.डी.डी.एस. टीम को राईट टाउन स्टेडियम तथा भीडभाड वाले स्थान, बाजार, धार्मिक स्थल, मॉल, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, महत्वपूर्ण संस्थान, तथा शासकीय कार्यालयों की चैकिंग हेतु आदेशित किया गया है।

### बी.डी.डी.एस टीम अलर्ट

जानकारी अनुसार आदेश के परिपालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शहर रोहित काशवानी के मार्ग निर्देशन में बी.डी.डी.एस. प्रभारी पंकज सिंह के नेतृत्व मे. टीम द्वारा स्नेफर डॉग के साथ मान्नीय उच्च न्यायालय परिसर, राईट टाउन स्टेडियम, शासकीय कार्यालय, एवं भी ?भा ? वाले स्थान मॉल, सिविक सैंटर, गोरखपुर मार्केट, सदर मार्केट, उमाघाट, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड में चैकिंग की गयी है।

इसके साथ ही शहर एवं देहात के सभी थाना प्रभारियों के द्वारा थाना क्षेत्र के होटल, लॉज, धर्मशाला, सराय, रैन बसेरा, डेरे, एवं किरायेदारों की चैकिंग की जा रही है। यह कार्यवाही निरंतर 26 जनवरी तक जारी रहेगी।

### संदिग्ध वस्तु देखते ही तत्काल करें कॉल

पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा संस्कारधानी वासियों से अपील की गयी है कि यदि कोई भी संदिग्ध वस्तु नजर आती है तो उससे दूर रहें एवं इसकी सूचना तत्काल कन्ट्रोलरूम के दूरभाष क्रमांक 0761-2676100, 2676102 एवं डायल 100 पर दें ताकि तत्काल बी.डी.डी.एस. टीम से चैकिंग की कार्यवाही करायी जा सके।

# शराब पीकर युवक के सिर में पटक दिया पत्थर

## पुरानी रंजिश को लेकर दिया वारदात को अंजाम

**जबलपुर यश भारत। ओमती थाना अंतर्गत सोमवार की दरमियानी रात शराब पीकर आरोपी ने एक युवक पर पत्थरों से दनादन वार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया और मौके से फरार हो गया आनन-फानन में युवक के साथियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां से युवक अपनी शिकायत लेकर देर रात थाने पहुंचा पीड़ति की शिकायत के बाद पुलिस ने एफ आई आर दर्ज करते हुए पत्थरबाज की तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीडित विनोद तिवारी 18 वर्ष मरघट आई घमापुर का निवासी है दरमियानी रात करीब 1 बजे राघवेंद्र बर्मन ने जमकर शराब पी और युवक से गाली-



### लहूलुहान हालत में थाने पहुंचा पीड़िता

गलौज करने लगा जब युवक ने गालियां देने से मना किया तो आरोपी आग बबूला हो गया और पास में ही पड़े पत्थर उठाकर युवक के सर में दे मारा जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया पुलिस ने बताया कि पीड़ित से आरोपी की पुरानी दुश्मनी है जिसका बदला लेने के लिए ही उसने इस वारदात को अंजाम दिया है पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# माता-पिता को बस में बैठा कर नाबालिक प्रेमी के साथ भागी

**जबलपुर यश भारत।** माढोताल थाना अंतर्गत एक प्रेमी प्रेमिका का मामला सामने आया है। जिसके बाद चर्चाओं का दौर गर्म है। दरअसल नाबालिक ने अपने माता-पिता को बस में बैठाया और खुद अपने प्रेमी के साथ वहां से गायब हो गई। माता-पिता आसपास नाबालिक का सुराग लगाते रहे



लेकिन कहीं पता नहीं चला तो थक हार कर थाने में शिकायत की है।जानकारी अनुसार माढोताल में रहने वाली करीब 15 वर्षीय नाबालिक अपने माता-पिता के साथ ननिहाल जा रही थी लेकिन रास्ते में ही माता-पिता को बस में बैठा कर नाबालिक गायब हो गई जब माता-पिता ने बस में अपनी बेटी को नहीं देखा तो आवक रह गए और बस रुकवा कर आसपास दिन भर खोजते रहे लेकिन नाबालिक का कहीं पता नहीं चल सका जिसके बाद पीड़ति माता-पिता को एक व्यक्ति से यह जानकारी मिली कि उनकी बेटी अपने एक पूर्व परिचित लड़के के साथ देखी गई है जिसके बाद पीड़ति माता-पिता यह सुनकर सन्न रह गए और थक हार कर थाने पहुंचे।

### - उम्र संबंधी दस्तावेज मांगे गए

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित माता-पिता मामला दर्ज करवाने थाने पहुंचे थे उनसे नाबालिक के उम्र संबंधी दस्तावेज मांगे गए हैं जिसके बाद ही धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

# पुरानी रंजिश को लेकर तलवार से हमला आरोपी फरार

**जबलपुर यश भारत।** हनुमानताल थाना अंतर्गत बाबा टोला में आपसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने एक राय होकर यह वक्त पर तलवार से दनादन बार कर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ति को लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी अनुसार बाबा टोला निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि निच्चो चौधरी, अक्कू एवं शक्ति चौधरी ने पति राकेश पर तलवार से दनादन हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए पूरा मामला आपसी रंजिश को बताया जा रहा है पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

# वृद्धा की जलकर मौत- गैस चूल्हे में खाना बनाते समय दर्दनाक हादसा

**जबलपुर यश भारत।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत दरमियानी रात गैस चूल्हे में खाना बना रही एक वृद्धा की आग लगने से जलकर दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।



पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रेमलता उम्र 70 साल रामलला मंदिर के पीछे ग्वारीघाट की निवासी है और परिवार से अलग अकेली रहती है दरमियानी रात वह गैस चूल्हे में खाना बना रही थी तभी अचानक आग लग गई मोहल्ले वालों ने जब घर में धुआं उठता देखा तो तत्काल घर में दाखिल होकर आग बुझाई लेकिन तब तक वृद्धा करीब 80 प्रतिशत आग में जल चुकी थी मोहल्ले वालों ने वृद्धा को तत्काल एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान वृद्धा ने दरमियानी रात दम तोड़ दिया पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# गणतंत्र दिवस पर रिहा होंगे 22 बंदी

## अच्छे आचरण को देखते हुए शासन ने लिया फैसला

**जबलपुर यशभारत।** राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेंटर जेल से 22 बंदियों को रिहा किया जाएगा। केंद्रीय कारागार से जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय कारागार में लंबी सजा भोग रहे 22 बंदियों को रिहा किए जाने का फैसला शासन प्रशासन ने किया है अपनी सजा के दौरान उक्त 22 बंदियों के अच्छे आचरण और अनुशासित व्यवहार को देखते हुए ही यह फैसला लिया गया है कारागार में बंद 22 बंदियों को ताउम्र कैद की सजा मिली थी।

कोई भी मतदाता न छूटे

12वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस

» 25 जनवरी, 2022 «

» कार्यक्रम «

मतदाता दिवस की शपथ लें।
नये जुड़े मतदाताओं को वोटर आई.डी. का वितरण।
छूटे हुए मतदाता नाम जुड़वाने के आवेदन दें।

राज्य स्तर पर भोपाल
कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिन्टो हॉल)
प्रातः 11 बजे से आयोजित

जिला मुख्यालय एवं मतदान केन्द्र स्तर पर भी
राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम
प्रातः 11 बजे से आयोजित

आइये, अपने निकटतम मतदान केन्द्र पर
25 जनवरी, 2022 को आयोजित
राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में
सुबह 11 से शाम 5 बजे के मध्य भाग लें

» मतदाता दिवस की शपथ «

हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

कोरोना गाइडलाइन का पालन करें सुरक्षित रहें।

अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

D-11110



निर्वाचनों को समावेशी, सुगम और सहभागी बनाना

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

www.ceomadhyapradesh.nic.in Follow us: /CEOMPSVEEP @CEOMPElections /CEO MP Elections

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2022

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )